तापमान
अधिकतम 37.3 डिग्री
न्यूनतम 18.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 8 मार्च 2026



14 सपनों को मिली उड़ान, महिलाएं बन रहीं ....



15 संस्कार व ज्ञान-बोध का समावेश जरूरी...













### कलेक्टर - एसपी एक्शन में, मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

# समोदा में 6 एकड़ में नेता कर रहा था अफीम की खेती, भाजपा ने किया निलंबित, भूपेश ने कहा-छग बना सूखे नशे का गढ़

*जेवरा-पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम समोदा में अफीम की खेती ने राजनीतिक रंग ले लिया है। शनिवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस के अन्य दिग्गज नेता मौके पर पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने देर से कार्रवाई की। इधर भूपेश ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि छत्तीसगढ़ सूखे नशे का गढ़ बन चुका है। नव्या केस में छत्तीसगढ़ सरकार पहले ही बैकफुट में थी। अब राज्य में सूखे नशे को संरक्षण दिए जाने का खुलासा हुआ है। मामले में कलेक्टर - एसपी एक्शन में हैं। दूसरी तरफ भाजपा ने नेता को पार्टी से निलंबित कर दिया हैं। बता दें कि करीब 5 एकड़ 65 डिसमिल में अफीम की खेती की जा रही है। पुलिस ने मुख्यआरोपी विनायक ताम्रकार सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वहीं प्रदेश भाजपा ने उनकी प्राथमिक सदस्यता निलंबित कर दी है। विनायक ताम्रकार भाजपा के एक बड़े नेता हैं।

वे किसान मोर्चा से जुड़े रहे। राइस मिल प्रसंस्करण प्रकल्प किसान मोर्चा के प्रदेश संयोजक थे। घटना को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह और एएसपी सुखनंमदन राठौर ने बताया कि ग्राम समोदा में खसरा 309, 310, 2 की जमीन मधुमति ताम्रकर, प्रीतबाला ताम्रकर के संयुक्त नाम से भूमि स्वामी के नाम पर दर्ज है। उक्त खेती की जमीन पर आठ करोड़ रुपए की अफीम की खेती की जा रही थी। इसके बीच-बीच में मक्का भी लगाया गया था। पुलिस को सूचना मिलने पर निरीक्षण के दौरान पाया कि खेत में अफीम के पौधे लगाए गए है।



## प्रदेश में अपने तरह का पहला मामला

ग्रामीणों के मुताबिक अफीम की खेती लंबे समय से समोदा में चल रहा था। यहां रात के अंधेरे में भी कंटेनर मॉल को पार करने पहुंचते थे। लेकिन पुलिस को इसकी जानकारी की भनक तक नहीं लग पाई। वहीं राजस्व अमला भी यहां सुस्त दिखा। नशे के इस बड़ा कारोबार जिले में चल रहा था लेकिन किसी को भी जानकारी न होना प्रशासन की बड़ी चूक से इंकर नहीं किया जा सकता है। फिलहाल इस पूरे मामले में यहां के आरआई, तहसीलदार, पटवारी और कोटवार भी जांच के दायरे में आ सकते है।जिसकी अभी जांच जारी है। इनमें किसी भी तरह से संलिप्त पाए जाने पर बड़ी कार्रवाई इनके खिलाफ भी किया जा सकता है।

## तस्करी में लिप्त नव्या

इस पूरे मामले को लेकर भूपेश बघेल ने कहा कि पहले तो बड़ा अचंभा हुआ लेकिन अब जब कड़ियाँ जुड़ रही हैं तो समझ आ रहा है कि खेल बड़ा है। कमल के फूल वाली पार्टी के नेता अपने खेत में अब अफ़ीम के पौधे और फूल उगा रहे हैं। अवैध नशीला पदार्थ हेरोइन का निर्माण भी इसी अफ़ीम के पौधे से होता है। इसी हेरोइन की सप्लायर नव्या भी थी। लेकिन नव्या अचानक से सरकार की सूची से बाहर कैसे हो गई? भाजपा के इस नेता का बड़े अधिकारियों और मंत्रियों के साथ उठना-बैठना है, जिस प्रकार से सरकार की सूची से एक बड़ी नशा तस्कर का नाम गायब होता है, इन सब में कड़ियाँ जुड़ तो रही हैं। उन्होंने कहा कि अफ़ीम की इस खेती में कौन-कौन मंत्री, अधिकारी शामिल हैं? नव्या का नाम सरकार की लिस्ट से किसने बाहर किया? नव्या कितने बार विदेश गई और किसके साथ विदेश गई? मुख्यमंत्री निवास में ताम्रकार कब-कब आया है? किन-किन नेताओं और अधिकारियों से संबंध हैं? होली के दिन सिर्फ राजधानी रायपुर में ही 5 मर्डर हुए हैं। इससे पता चलता है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था कैसी है।



## समोदा और झेंझरी में करीब 110 एकड़ जगह पर फेंसिंग

पुलिस ने बताया कि समोदा व झेंझरी में करीब 110 एकड़ भूमि को तार से फेंसिंग कर घेरा किया गया है। जहां लोगों को दिखाने के लिए मक्का, गेहूं, धान, चना और ज्वार की भी फसल लगी हुई है। पुलिस ने जांच किया तो कुछ संदिग्धों को पूछताछ के लिए पकड़ा गया। जिसमें तमेरपारा दुर्ग निवासी विनायक ताम्रकर, ग्राम मटोडा जिला जोधपुर वर्तमान में समोदा निवासी विकास विश्नोई, मनीष ठाकुर को पकड़ा गया है। तीनों ने स्वीकार किया कि अफीम की खेती भूमि पर किया करते थे। आरोपियों के पास से पुलिस ने 5 एकड़ 65 डिसमिल क्षेत्र में लगे अफीम के पौधे को जब्त किया गया। मौके पर एफएसएल की टीम, आबकारी, राजस्व की संयुक्त टीम व एएसपी मणिशंकर चंद्रा, पुलगांव, जेवरा सिरसा पुलिस टीम मौजूद थी।

# पहली कक्षा में दाखिले के पहले मां तैयार करेंगी बच्चों को पढ़ाई के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नए शिक्षण सत्र में सर्वशिक्षा अभियान एक और नई पहल करने जा रहा है। आंगनबाड़ी से पहली कक्षा में प्रवेश से पहले माताएं अपने बच्चों को घर पर ही पढ़ाई के अनुरूप तैयार करेंगी।

खेल-खेल में और घरेलू उपयोग की वस्तुओं के इस्तेमाल कर माताएं बच्चों अक्षर ज्ञान और गणित जैसे विषयों पर समझ विकसित करेंगी। इससे बच्चें जब पहली बार स्कूल में कदम रखें तो उसे पढ़ाई करने में आसानी हो और बोझ महसूस न कर सके। सर्वशिक्षा अभियान जिला स्तर पर इस मकसद को लेकर माता उन्मुखीकरण व अंगना में शिक्षा कार्यक्रम तैयार किया है।

- आंगनबाड़ी से पहली कक्षा में आने वाले बच्चों की माताओं का सर्वशिक्षा अभियान शुरू करेगा माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम

## इस तरह माताएं बच्चों को करेगी तैयार

कार्यक्रम में जिले की 1500 आंगनबाड़ी से ऐसे बच्चों की सूची तैयार की गई है जो वर्ष 2026-27 के शैक्षणिक सत्र में पहली कक्षा में प्रवेश लेंगे। दुर्ग जिले से करीब 200 ऐसे बच्चे होंगे। माताएं इस तरह अपने बच्चों की तैयार करेंगी। मसलन अपने घर की कोई भी दस वस्तुओं को ले सकती हैं। इन वस्तुओं से अपने बच्चों को स्वयं एक से लेकर 10 तक गिनती करवा सकती हैं। कोई भी एक छोटा चीज और एक बड़ा चीज लेकर यह बता सकती हैं कि यह बड़ा है और यह छोटा। इसी तरह रंगों का ज्ञान करवाने के लिए सफेद, लाल, हरा, पीला, नीला रंग की कपड़े का इस्तेमाल करेंगी। ग से गमला या भगवान गणेश जी को दिखाकर अक्षर ज्ञान करवा सकती है। अ से आम, अनार जैसे उदाहरण दे सकती हैं।

## स्मार्ट माताओं का होगा सम्मान

जो माताएं अपने बच्चों को स्कूल जाने से पहले घर में ही शिक्षा का वातावरण निर्मित कर रही है उन्हे इस कार्यक्रम में स्मार्ट माताओं का दर्जा दिया गया है। ये माताएं प्राथमिक शालाओं की महिला शिक्षिकाओं के साथ अपनी भागीदारी निभाएंगी। जो शाला प्रवेशोत्सव के दौरान बच्चों को अपेक्षित दक्षताओं को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेंगी। इसके अलावा माताओं के सहयोग से बच्चों को घर पर सीखने-सिखाने का वातावरण प्रदान किया करेंगी, ताकि उनके कौशल विकास को प्रोत्साहित किया जा सके। 2026-27 में प्रवेश लेने वाले बच्चों का शाला प्रवेश पूर्व तैयारी कैसे करें। शिक्षिकाओं द्वारा स्मार्ट माताओं को यह सब बताया जाएगा।

## रचनात्मक व प्रेरणादाई गतिविधियां भी होगी शामिल

समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिलेभर में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न अधिकारियों और नोडल की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। जिला स्तर कार्यक्रम में विभिन्न रचनात्मक और प्रेरणादायक गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिनमें नन्हें बच्चों का पारंपरिक स्वागत, माताओं के साथ संवाद एवं प्रेरणा सत्र, बाल-कला, गीत, खेल, और कहानी जैसी शैक्षिक गतिविधियों से जुड़ी जानकारी मिलेगी। इसके अलावा माताओं के सहयोग से बच्चों को घर पर सीखने-सिखाने का वातावरण प्रदान किया करेंगी, ताकि उनके कौशल विकास को प्रोत्साहित किया जा सके।

## स्कूल जाने प्रेरित होंगे बच्चे

जिले में शिक्षा को प्रोत्साहित करने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में जिला स्तरीय माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम बनाया गया है। इसका मुख्य उद्धेश्य आगामी सत्र में प्राथमिक विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले बच्चों का स्वागत करना और उनके माता-पिता, विशेषकर माताओं और समुदाय को शिक्षा में सक्रिय भागीदार बनाना है। इसके माध्यम से बच्चों को स्कूल जाने प्रेरित होंगे। साथ ही माताओं और समुदाय को शिक्षा के महत्व से अवगत करा पाएंगे। - **विनोद कुमार सिन्हा**, डीएमसी,सर्व शिक्षा अभियान

# आयोग की 7 जिलों के 113 प्रकरणों में सुनवाई 11 को

**दुर्ग।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को त्वरित राहत और न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा महा जन-सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। दुर्ग संभाग की जनसुनवाई 11 मार्च को प्रेरणा सभाकक्ष जिला महिला एवं बाल विकास विभाग परिसर दुर्ग में आयोजित होगी। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक के नेतृत्व में आयोजित इस विशेष जनसुनवाई में दुर्ग संभाग के सात जिलों के कुल 113 प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। इनमें दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों के मामले शामिल हैं। राज्य महिला आयोग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले साढ़े पांच वर्षों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगभग 370 जनसुनवाई आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें करीब 8000 से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इसी अनुभव को आगे बढ़ाते हुए इस बार संभाग स्तर पर महा जनसुनवाई अभियान चलाया जा रहा है। सुनवाई सुबह 10 बजे से शुरू होगी। जिन आवेदकों के प्रकरण सूचीबद्ध हैं, उन्हें स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है। वहीं जो महिलाएं अब तक आवेदन नहीं कर पाई हैं, वे भी सुनवाई स्थल पर अपना नया आवेदन प्रस्तुत कर सकती हैं।

# जिले में बढ़ा चिकन पॉक्स का खतरा, हेल्थ विभाग ने जारी की एडवाइजरी

- हेल्थ विभाग में नियमित की जा रही समीक्षा
- लोगों को टीकाकरण के लिए किया जा रहा प्रेरित
- शरीर में चकते आने पर तुरंत लें डॉक्टरी सलाह

**दुर्ग।** जिले में चिकन पॉक्स का खतरा बढ़ रहा है। इसे लेकर हेल्थ विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी और आईडीएसपी के नोडल अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे ने बताया कि चिकन पॉक्स यानी चेचक या छोटी माता वेरिसेला जोस्टर वायरस के कारण होने वाला एक अत्यधिक संक्रामक संक्रमण है, जिसमें खुजलीदार लाल चकत्ते और तरल पदार्थ से भरे फफोले होते हैं। यह आम तौर पर बच्चों में होता है, लेकिन वयस्कों को भी प्रभावित कर सकता है। बुखार और थकान, दाने निकलने से 1-2 दिन पहले हल्का बुखार, सिरदर्द और कमजोरी महसूस होना, इसके लक्षण हैं। लाल दाने चेहरे, छाती और पीठ पर छोटे लाल दाने उभरना जो बाद में पूरे शरीर पर फैल जाते हैं। तरल से भरे फफोले दाने खुजलीदार फफोलों में बदल जाते हैं जिनमें पानी जैसा तरल भरा होता है। पपड़ी जमना 5-7 दिनों के बाद ये फफोले सूखकर पपड़ी बन जाते हैं। टीकाकरण यह सबसे प्रभावी बचाव है। बच्चों को 12-15 महीने और फिर 4-6 साल की उम्र में टीके की दो खुराकें दी जानी चाहिए। आइसोलेशन संक्रमित व्यक्ति को कम से कम एक सप्ताह था जब तक सभी फफोले सूख न जाएं तब तक अलग रखें। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई संक्रमित व्यक्ति के कपड़े और बिस्तर नियमित रूप से धोएं। नाखून छोटे रखें, बच्चों के नाखून छोटे रखें ताकि खुजली करने पर त्वचा न फटे। आइसोलेशन जब तक सारे फफोले सूखकर पपड़ी न बन जाएं तब तक स्कूल या काम पर न जाएं। डॉ. की सलाह बुखार के लिए केवल पैरासिटामोल लें।

### सालों से बर्न यूनिट की डिमांड, लेकिन अब तक की गई अनदेखी

# सुपेला अस्पताल में नहीं बर्न यूनिट, मरीज हो रहे रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर के प्रमुख अस्पतालों में शामिल लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला में बर्न यूनिट की सुविधा नहीं होने के कारण आग से झुलसे मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। अस्पताल में ऐसे मरीज आने पर डॉक्टर प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें तुरंत जिला अस्पताल दुर्ग रेफर कर देते हैं।

दरअसल, भिलाई और आसपास के क्षेत्रों में आग से झुलसने के मामले समय-समय पर सामने आते रहते हैं। खासकर दीपावली जैसे त्योहारों के दौरान पटाखों और आगजनी की घटनाओं में झुलसने वाले मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में सुपेला स्थित इस अस्पताल में बर्न यूनिट की कमी



मरीजों और उनके परिजनों के लिए बड़ी परेशानी बन जाती है। लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला को भिलाई क्षेत्र का प्रमुख सरकारी अस्पताल माना जाता है। यहां रोजाना सैकड़ों मरीज इलाज और जांच के लिए पहुंचते हैं, लेकिन बर्न यूनिट जैसी जरूरी सुविधा नहीं होने के कारण गंभीर रूप से झुलसे मरीजों को तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद रेफर करना पड़ता है।

## बर्न केस में शुरुआती कुछ घंटे बेहद महत्वपूर्ण

लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में आने वाले आग से झुलसे मरीजों को पहले प्राथमिक उपचार दिया जाता है, उसके बाद उन्हें जिला अस्पताल या अन्य बड़े चिकित्सा केंद्रों में रेफर किया जाता है। इस प्रक्रिया में समय लगने के कारण कई बार मरीजों की हालत और गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भिलाई जैसे बड़े औद्योगिक शहर में स्थित इस अस्पताल में बर्न यूनिट की सुविधा होना बेहद जरूरी है। उनका मानना है कि यदि यहां बर्न यूनिट स्थापित कर दी जाए तो आग से झुलसे मरीजों को तुरंत और बेहतर उपचार मिल सकेगा। जानकारों के अनुसार बर्न केस में शुरुआती कुछ घंटे बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। समय पर सही इलाज मिलने से मरीज की जान बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

## 100 बिस्तर का दर्जा मिलने का इंतजार

आने वाले समय में यह समस्या दूर हो सकती है। जैसे ही 100 बिस्तरों वाले अस्पताल का दर्जा मिल जाएगा, यहां बर्न यूनिट शुरू करने की संभावना है। बर्न यूनिट शुरू होने से आग से झुलसे मरीजों को भिलाई में ही बेहतर उपचार मिल सकेगा।

-**डॉ. पीयाम सिंह**, प्रभारी सिविल अस्पताल सुपेला







# INTERNATIONAL Women's day

international
Women's day
"A strong woman stands up for herself. A stronger woman stands up for others."

MJF Lion Meera Sharma
• Micro Chairperson Lions Dist.-3233c
• For Reading Action Program,
• Home Club Lions Club Bhilai Pinnacle,
• Retired Chief Manager Indian Bank,
• President Of Kubher Enclave Owners Association
Junwani Road, Bhilai

8 MARCH
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रिया रस्तोगी
प्रिंसिपल
प्रयास शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान विशेष शिक्षा (श्रवण बाधिता),भिलाई, मो.: 9406161066

# समानता, सम्मान और सशक्तिकरण का संकल्प

**हर वर्ष 8 मार्च को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समानता के लिए किए गए लंबे संघर्ष की याद दिलाने वाला दिन है। यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मान देने के साथ-साथ समाज में व्याप्त असमानताओं और चुनौतियों को दूर करने का संदेश भी देता है। आज महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, खेल, उद्योग और प्रशासन सहित हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का लोहा मनवा रही हैं। फिर भी समाज में कई स्थानों पर उन्हें भेदभाव, हिंसा और असमान अवसरों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में महिला दिवस हमें यह सोचने का अवसर देता है कि एक समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में हम सबकी क्या भूमिका हो सकती है।**



## महिला दिवस का इतिहास

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुरुआत 20वीं सदी की शुरुआत में हुई। औद्योगिक क्रांति के समय महिलाओं को कम वेतन, लंबे कार्य समय और खराब कार्य परिस्थितियों का सामना करना पड़ता था। इसी के विरोध में महिलाओं ने आवाज उठाई और अपने अधिकारों के लिए आंदोलन शुरू किए।

1908 में अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में हजारों महिला मजदूरों ने बेहतर वेतन, कम काम के घंटे और मतदान के अधिकार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद 1910 में कोपेनहेगन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय समाजवादी महिला सम्मेलन में महिला अधिकारों के लिए एक विशेष दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा गया।

1911 में पहली बार कई देशों में महिला दिवस मनाया गया। बाद में 1975 में संयुक्त राष्ट्र ने इसे आधिकारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मान्यता दी। तब से यह दिन पूरे विश्व में महिलाओं के अधिकारों और उपलब्धियों के सम्मान में मनाया जाता है।

## समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका

महिलाएं समाज की आधी आबादी हैं और उनके बिना किसी भी समाज की कल्पना अधूरी है। एक महिला केवल परिवार की देखभाल करने वाली नहीं होती, बल्कि वह समाज और राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

मां के रूप में वह बच्चों को संस्कार और शिक्षा देती है। शिक्षिका के रूप में वह नई पीढ़ी का निर्माण करती है। डॉक्टर के रूप में वह स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान देती है और प्रशासनिक अधिकारी के रूप में वह शासन व्यवस्था को मजबूत बनाती है।

आज भारत की महिलाएं सेना, अंतरिक्ष, विज्ञान और खेल जैसे क्षेत्रों में भी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। यह दर्शाता है कि यदि महिलाओं को अवसर मिले तो वे किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं।

## शिक्षा और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ती महिलाएं

शिक्षा महिलाओं के सशक्तिकरण की सबसे महत्वपूर्ण कुंजी है। पिछले कुछ दशकों में महिलाओं की शिक्षा के स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज बड़ी संख्या में लड़कियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं और अपने करियर में सफलता हासिल कर रही हैं। शिक्षा से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होती हैं। इसके साथ ही आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने से वे परिवार और समाज में अपनी मजबूत पहचान स्थापित कर पाती हैं।

सरकार द्वारा भी बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर लड़की को शिक्षा और विकास के समान अवसर मिल सकें।

## महिलाओं के सामने चुनौतियां

हालांकि महिलाओं ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन आज भी उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। समाज में लैंगिक भेदभाव, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर असमान वेतन और सुरक्षा की समस्याएं अब भी मौजूद हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में कई लड़कियों को आज भी शिक्षा से वंचित रहना पड़ता है। बाल विवाह और सामाजिक कुरीतियां भी महिलाओं के विकास में बाधा बनती हैं।

इसके अलावा कार्यस्थल पर महिलाओं को कई बार भेदभाव और असमान अवसरों का सामना करना पड़ता है। इसलिए महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके सम्मान के लिए समाज को और अधिक संवेदनशील बनने की आवश्यकता है।

## नारी सशक्तिकरण की आवश्यकता

नारी सशक्तिकरण का अर्थ केवल महिलाओं को अधिकार देना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना भी है। जब महिलाएं सशक्त होंगी, तभी समाज और राष्ट्र का विकास संभव होगा।

महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सुरक्षा के क्षेत्र में समान अवसर देना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही समाज में ऐसी सोच विकसित करनी होगी, जो महिलाओं को सम्मान और बराबरी का दर्जा दे।

महिला सशक्तिकरण से परिवार मजबूत होता है, समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं और देश की प्रगति को नई दिशा मिलती है।

## नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा

आज की महिलाएं नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बन रही हैं। विज्ञान, खेल, राजनीति और व्यवसाय जैसे क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियां यह साबित करती हैं कि सपनों को पूरा करने के लिए साहस और मेहनत की आवश्यकता होती है।

जब लड़कियां अपने आसपास सफल महिलाओं को देखती हैं, तो उनमें भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

यही प्रेरणा भविष्य में समाज को और अधिक प्रगतिशील और समतामूलक बनाने में मदद करती है।

VEDASHREE KALA SANGAM VKS
Art Classes :-
• Bharatanatyam
• Jumba • Drawing
• Bollywood Free style
• Semi-classical Guitar
Culinary Art
• COOKING
• BAKING
• ICE CREAM
Sangeet Choreography also
And many more. Vegetarian Dishes only
For more details: 7999803966, 9111004423

International WOMEN'S DAY
नारी शक्ति का सम्मान ही समाज की असली पहचान है।
हर महिला के अधिकार, सुरक्षा और सम्मान के लिए जागरूकता जरूरी है।

PAYAL JAIN
President
Confederation of all India Traders(CAIT)
WOMEN'S WING DURG
SOCIAL WORKER
DURG, CHATTISGARH

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
Arfit
आई फिट, हर फ्लो में हिट
Maternity Pad
6+1 Pads
5X Extra Absorb
With Belt
जिन महिलाओं को पीरियड्स में हैवी फ्लो या दर्द होता है वह आईफिट युज करें।
आई फिट, हर फ्लो में हिट...
MRP- 150/-
Marketing By :
Pritibha Ventures
Custumer Care No. : 7987483336
Mob. : 93029-53917

8 मार्च
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस नारी शक्ति और सम्मान का प्रतीक है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से नई पहचान बना रही हैं। उनका योगदान परिवार, समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण है। यह दिन महिलाओं के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण का संदेश देता है।

श्रीमती नेहा साहू
पार्षद-वार्ड 21 कैलाश नगर कुरूद
एम.आई.सी. सदस्य, पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग प्रभारी
नगर पालिका निगम भिलाई
सचिव-भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी, दुर्ग

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
* विगत 30 वर्षों से दुर्ग जिले की एकमात्र महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिये संचालित महिला बैंक का सफल संचालन।
* लगभग 4,500 महिलायें ऋण लेकर आर्थिक रूप से सुदृढ़।
* लगातार 30 वर्षों से लाभ अर्जित कर रही है।
* 125 करोड़ के डिपॉजिट एवं 75 करोड़ के ऋण व अग्रिम।
* प्रदेश की पहली सहकारी बैंक जिसने स्वयं का "ATM" (2012 में) प्रारंभ किया।
* आवास ऋण, वाहन ऋण, बंधक ऋण, व्यवसायिक ऋण, गोल्ड ऋण उचित ब्याज दर में उपलब्ध।
* आसान एवं त्वरित ऋण प्रक्रिया।
* पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत बैंक / उत्तम ग्राहक सेवा।

अश्विनी नागले
अध्यक्ष
"हम आपकी भावनाओं को समझते हैं"
प्रगति महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, भिलाई-दुर्ग
मुख्य शाखा - शॉप नं. 11 'ए', मार्केट सेक्टर 2 भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
फोन नं-0788-2223842, 0788-2226242, दुर्ग शाखा- 0788-4012413, 2333080

STRONGER YOU.
CALMER HOME.
Small shifts that create big change
Dr. Sonali Chakraborty
Parenting | Work-Home Balance | Confidence & Wellbeing

Home & Family Harmony
• Parenting basics made easy
• Better communication at home
• Boundaries without guilt
Personal grooming for homemakers
• Creative exercises through theatre and music
• More energy for home and self
• Community work and social impact
10000+ WOMEN SUPPORTED
25+ YEARS EXPERIENCE
Phone Number +91-9826130569
More Information www.swayamsiddhaindia.com

अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस नारी शक्ति, साहस और आत्मविश्वास का प्रतीक है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी मेहनत और प्रतिभा से नई ऊंचाइयां हासिल कर रही हैं। समाज और देश के विकास में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह दिवस महिलाओं के सम्मान, समानता और सशक्तिकरण का संदेश देता है।
प्रसूति, स्त्रीरोग एवं निःसंतानता विशेषज्ञ

डॉ. संगीता पात्रे
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (OBS & GYNEA)
Mob. : 9340917757
चंदूलाल चंद्राकर हॉस्पिटल, नेहरु नगर भिलाई | Time : 11 AM to 2 PM

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 8 मार्च 2026
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]




**खबर संक्षेप**

### दुर्ग-ताडोकी लाइन के देवरी गेट होगा बंद




**भिलाई।** दुर्ग ताडोकी लाइन में गुंडरदेही लाटाबोट में देवरी गेट 20 मार्च से स्थायी रुप से बंद किया जाएगा। रेलवे ने बताया कि यह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के के अंतर्गत आता है। गुंडरदेही लाटाबोर में स्थित मानव सहित समपार को रोड अंडर ब्रिज निर्माण के उपरांत स्थाई रूप से बंद करने की सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई हैं। उक्त समपार स्थायी रूप में बंद कर दिया जाएगा। फाटक एवज में रोड अंडर ब्रिज का निर्माण किया जा चूका है।

### अखबार वितरक संघ का होली मिलन समारोह आज

**दुर्ग।** अखबार वितरक संघ दुर्ग का होली मिलन समारोह 8 मार्च को दोपहर 3 बजे प्रेस कॉम्प्लेक्स स्थित प्रेस क्लब कार्यालय में आयोजित है। कार्यक्रम में अखबार वितरण से जुड़े सभी प्रमुख वितरक, एजेंट, सब एजेंट, हॉकर शामिल होंगे। प्रमुख रूप से राजू कटकवार, संदीप खेमुका, सुनील चंद्राकर, संजय चंद्राकर, छन्नूराम सिन्हा सहित अन्य एजेंट मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है।

### अग्रवाल समाज का शपथ ग्रहण आज

**दुर्ग।** अग्रवाल समाज का होली मिलन समारोह 8 मार्च को अग्रसेन भवन में शाम 5 बजे से आयोजित है। इस अवसर पर अग्रवाल समाज की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण भी होगा। आयोजन में नगर पंचायत थान खम्हरिया की अध्यक्ष अनिता अग्रवाल, नगर निगम दुर्ग की महापौर अल्का बाघमार प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगी। जलसा नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में अध्यक्ष ललित सेक्सरिया, महासचिव प्रहलाद रुंगटा, संरक्षक विजय अग्रवाल, कैलाश रुंगटा, सुधीर अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, वर्तमान पदाधिकारियों में मनोज अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, संजय गर्ग सहित अन्य मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी भी रहेगी। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ फूलों की होली खेली जाएगी।

## अपडेट के इंतजार में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल, स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बेरूखी ने बढ़ाई दिक्कत

# 16 साल बाद भी नहीं बढ़ी शास्त्री अस्पताल की क्षमता, 80 बेड के हॉस्पिटल में सेटअप 30 का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

*दुर्ग जिले के भिलाई स्थित लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला को बने करीब 16 साल हो चुके हैं, लेकिन आज तक इसे 100 बिस्तर वाले अस्पताल के रूप में विकसित नहीं किया जा सका है। अस्पताल की क्षमता कागजों में भले बढ़ी हो, लेकिन सुविधाएं अब भी सीमित ही हैं। इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड आईपीएसएस के मानकों के अनुसार 80 से 100 बिस्तर वाले अस्पताल में करीब 25 से 30 डॉक्टर और 40 से अधिक स्टाफ नर्स की जरूरत होती है, लेकिन सुपेला सिविल अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बेहद सीमित है और कई जरूरी सुविधाएं अब भी उपलब्ध नहीं हैं।*

जनप्रतिनिधियों द्वारा 100 बिस्तर करने की घोषणा कई बार की गई, लेकिन किसी ने यह नहीं देखा कि क्रियान्वयन हो रहा है या नहीं। जानकारी के अनुसार शुरुआत में सुपेला सिविल अस्पताल 30 बिस्तरों का था। बाद में यहां 50 बिस्तर और बढ़ाए गए, जिससे कुल क्षमता 80 बिस्तर तक पहुंच गई। इसके बावजूद अस्पताल की सुविधाएं और संसाधन आज भी 30 बिस्तर वाले अस्पताल जैसे ही हैं। रोजाना सैकड़ों मरीज इलाज के लिए यहां पहुंचते हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। कई बार मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है और पर्याप्त संसाधनों के अभाव में परेशानी भी झेलनी पड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुपेला सिविल अस्पताल को जल्द ही 100 बिस्तर के अस्पताल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके और अस्पताल स्टाफ पर पड़ने वाला अतिरिक्त दबाव भी कम हो सके।

### कई जरूरी सुविधाएं नदारद

वर्तमान में सुपेला स्थित सिविल अस्पताल में 5 विशेषज्ञ सहित 12 डॉक्टर्स अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन विशेषज्ञ और हड्डी रोग विशेषज्ञ शामिल हैं। वहीं स्टाफ नर्स की संख्या करीब 14 है। अस्पताल में ब्लड स्टोरेज यूनिट, एक्स-रे, पैथोलॉजी, सोनोग्राफी, फिजियोथेरेपी और पोस्टमार्टम सेंटर जैसी सुविधाएं भी संचालित हो रही हैं। इसके बावजूद इतने बड़े अस्पताल में अभी भी कई जरूरी सुविधाओं की कमी बनी हुई है। स्थिति यह है कि अस्पताल में अब तक बर्न यूनिट की व्यवस्था नहीं हो पाई है। वहीं सोनोग्राफी की सुविधा भी मरीजों को प्रतिदिन उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे इलाज के लिए आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।




**जारी है 100 बिस्तर बनाने की प्रक्रिया**

सुपेला सिविल अस्पताल में वर्तमान में यहां 80 बिस्तरों की सुविधा संचालित हो रही है और इसे 100 बिस्तर तक बढ़ाने की प्रक्रिया जारी है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। 100 बिस्तर में अपग्रेड करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मरीजों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। अभी डॉक्टर्सट और स्टाफ की संख्या भी पर्याप्त है। -डॉ. पीयाम सिंह, प्रभारी सिविल अस्पताल सुपेला

### आईपीएचएस मानकों के अनुसार होनी चाहिए ये जरूरी सुविधाएं

सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार ने इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड आईपीएसएस के तहत स्पष्ट मानक तय किए हैं। आईपीएसएस मानकों के अनुसार 80 से 100 बिस्तर वाले अस्पताल में सामान्य तौर पर करीब 25 से 30 डॉक्टरों की तैनाती होनी चाहिए। लगभग 40 से 45 स्टाफ नर्स और पर्याप्त पैरामेडिकल स्टाफ की व्यवस्था भी जरूरी मानी जाती है। वहीं सिविल अस्पताल सुपेला में मात्र 12 डॉक्टर्स और करीब 14 नर्स सेवाएं दे रहे हैं। सुविधाओं की बात करें तो 100 बिस्तर वाले अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी सेवा, ओपीडी और आईपीडी, ऑपरेशन थिएटर, प्रसूति कक्ष, नवजात शिशु देखभाल यूनिट, अलग-अलग वार्ड और आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था होनी चाहिए। जांच सुविधाओं में पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे, सोनोग्राफी, ईसीजी और ब्लड स्टोरेज यूनिट जरूरी मानी जाती हैं। इसके अलावा फार्मेसी, फिजियोथेरेपी, एम्बुलेंस सेवा, पोस्टमार्टम कक्ष और बर्न यूनिट जैसी सुविधाएं भी अस्पताल में उपलब्ध होनी चाहिए। इन मानकों का उद्देश्य यह है कि 100 बिस्तर वाले अस्पताल में आने वाले मरीजों को एक ही जगह पर अधिकतर जरूरी इलाज और जांच की सुविधाएं मिल सकें और गंभीर मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध हो सके।

### सिविक सेंटर पार्किंग बेलगाम आयुक्त ने जताई नाराजगी

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-5 अंतर्गत सार्वजनिक शौचालय, पार्किंग व्यवस्था, ट्रैफिक पार्क एवं अर्जुन रथ का निरीक्षण किये और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक सुझाव दिए। निगम आयुक्त द्वारा जोन 5 अंतर्गत सिविक सेंटर स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया गया । शौचालय में साफ-सफाई व्यवस्था के साथ हरियाली को दृष्टिगत रखते हुए सामने पौधे लगाने कहा गया, जिससे वातावरण को बेहतर कर आकर्षक किया जा सके। सिविक सेंटर मार्केट में भीड़ को देखते हुए पार्किंग व्यवस्था का अवलोकन कर आवश्यक दिशानिर्देश किया गया। इस दौरान आयुक्त ने ट्रैफिक पार्क का निरीक्षण कर पार्क में आने वाले नागरिको एवं बच्चों की सुविधा हेतु व्यवस्था को और बेहतर कराने हेतु निर्देशित किये हैं। अर्जुन रथ एवं उद्यान का अवलोकन किया।

### अवैध निर्माण को निगम ने किया ध्वस्त

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा ने ड्रीमसिटी वार्ड 7 में नाला के समीप निर्माणाधीन अवैध स्ट्रकचर को जमीदोज कर दिया है। शिकायतकर्ता प्लाट नंबर -98 ड्रीमसिटी कालोनी उमदा भिलाई-3 निवासी अभिषेक मिश्रा ने पत्र में उल्लेख किया था। उनके प्लाट के ठीक सामने किए गये अवैध निर्माण पर कार्यवाही करने अवगत निगम को कराया था। अमले ने पहले निर्माण का मुआयना किया उसके बाद सरकारी भूमि पर अवैध रूप से 15 फीट गहरा और 50 फीट चौड़ा काम्पलेक्स नूमा अवैध निर्माण खड़ा किया गया है। उसे आयुक्त डीएस राजपुत के निर्देशानुसार राजस्व अधिकारी अरुनिमा दुबे के नेतृत्व में अवैध इमारत को ध्वस्त किया गया। उप अभियंता मुकेश रात्रे, सहायक राजस्व निरीक्षक सरोजनी यदु, दुष्यंत चतुर्वेदी मौजूद थे।

# मोरिद में पैरावट में लगी आग सात मकान जलकर हुए खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पैरावट में लगे आग की चपेट में सात मकान आ गए। घटना की जानकारी लगने पर अग्निशमन का दल मौके पर पहुंचा। आग खेत की ओर से ईटा भट्ठी की तरफ बने 7 मकानों की ओर बढ़ा। लेकिन दमकल कर्मियों ने तुरंत पहुंचकर आग को काबू किया। घटना ग्राम मोपिद के भिलाई तीन की है। आग बुझाने में दमकल को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आग लगे मकानों में दो भरे सिलेंडर भी था। जिसे दमकल कर्मियों ने निकाला। आग बुझाने में 2 दमकल वाहन पहुंचा। आग में मकान से लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने का कारण अज्ञात है। अग्निशमन के कर्मियों द्वारा टीम बनाकर घटना स्थान पर समय पर पहुचे जिसकी बदौलत बढ़ी घटना टल गई। नहीं तो आग बड़ा विकराल रुप ले लेता। मौके पर अग्निशमन दल प्रभारी महेंद्र चंदेल, धर्मेंद्र साहू , शशांक ,मनीष समेत टीम पहुंची थी।



### नामांतरण में लापरवाही बरतने वाले पंचायत सचिवों को नोटिस

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह समय-सीमा की बैठक में तीनों जनपद क्षेत्र सीईओ को निर्देशित किया है कि वे बटांकन, नामांतरण के प्रकरणों का पंजीयन सुनिश्चित कराएं। ने ग्राम पंचायतों में राजस्व संबंधी अविवादित नामांतरण, बंटवारा पंजीयन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले के सभी पंचायतों में फरवरी माह के अंत तक एक-एक पंजीयन के निर्देश दिए गए थे। जिन पंचायतों में अभी तक पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुआ है। जनपद सीईओ संबंधित ग्राम पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस देना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से फाईल मूवमेंट और बायोमैट्रिक अटेंडेन्स पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देने कहा।

## अवकाश के दिन भी खुला रहेगा निगम दफ्तर

# 31 तक टैक्स जमा नहीं किया तो लगेगा 10% अधिभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम महीने मार्च में राजस्व वसूली को तेज करते हुए टैक्स काउंटर खोले गए हैं। निगम प्रशासन ने करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अवकाश के दिनों में भी टैक्स काउंटर खुले रखने का निर्णय लिया है, ताकि नागरिक बिना किसी परेशानी के अपना कर जमा कर सकें। निगम के अधिकारियों ने बताया कि करदाता चालू वित्तीय वर्ष का टैक्स बिना किसी अधिभार या जुर्माने के 31 मार्च से पहले जमा कर सकते हैं। इसके लिए निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक भी वार्डों में घर-घर पहुंचकर कर वसूली के लिए दस्तक दे रहे हैं और नागरिकों को समय पर टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। 31 मार्च तक टैक्स जमा नहीं करने की स्थिति में करदाताओं से 10 प्रतिशत अधिभार वसूला जाएगा। टैक्स वसूली के लिए निगम ने अवकाश के दिनों में भी सुबह 10 से शाम 6 बजे तक निगम दफ्तर खुले रहेंगे। इस दौरान संपत्तिकर, यूजर चार्ज, जलकर, भू-भाटक तथा दुकान किराया 31 मार्च 2026 से पहले जमा करने की अपील की गई है। समय पर कर जमा करने से नागरिकों को अतिरिक्त अधिभार और जुर्माने से बचने का लाभ मिलेगा।

### वसूली में टार्गेट से पीछे

नगर निगम का भारी भरकम राजस्व अमला टैक्स वसूली में फिसड्डी साबित हो रहा है। निगम 1 अप्रैल 2025 से 31 जनवरी 2026 तक यानी 10 महीनों में सिर्फ 48.78 प्रतिशत ही टैक्स की वसूली कर पाया है। खास बात यह है कि बड़े बकाएदार टैक्स देने में रूचि नहीं ले रहे हैं, इस वजह से ज्यादा दिक्कतें सामने आई हैं। निगम प्रतिवर्ष 31 मार्च तक टैक्स की वसूली करता है, जिसमें बिना किसी अधिभार के साथ टैक्स जमा किया जा सकता है। इस हिसाब से अभी करीब डेढ़ महीने का समय शेष है। इसके बाद 10 प्रतिशत अधिभार वसूला जाएगा। बता दें कि पिछले वर्ष 1 अप्रैल 2024 से 31 जनवरी 2025 तक यानी पिछले वित्तीय वर्ष के 10 महीनों में 45.2 प्रतिशत टैक्स वसूली हुई थी।

### 10 मदों में 64.1% की वसूली

निगम द्वारा प्रतिवर्ष संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर, दुकान का किराया, यूजर चार्ज, अन्य आय के अलावा, दुकानों का प्रीमियम, विज्ञापन होर्डिंग, पार्किंग, प्रदर्शनी, कॉलोनी अनुज्ञा से हर साल करीब 47.78 करोड़ रुपए टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा जाता है। इस बार भी इतनी ही राशि की वसूली होनी है, लेकिन 31 जनवरी की स्थिति में 30.62 करोड़ रुपए की ही वसूली हो पाई है। इस प्रकार 64.10 प्रतिशत टैक्स और अन्य शुल्क के रूप में आय हुई है।

**पिछले साल से करीब 4 करोड़ का संपत्ति कर बढ़ा :** निगम ने वर्ष 2024-25 में संपत्तिकर का लक्ष्य 10.67 करोड़ रुपए रखा था। वर्ष 2025-26 में यह लक्ष्य बढ़ाकर 14.42 करोड़ रुपए किया गया है। समेकित कर, जलकर, यूजर चार्ज और समेकित कर में बढ़ोत्तरी की गई है। बावजूद इसके लक्ष्य के अनुरूप टैक्स की वसूली नहीं हो पा रही है। संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर, दुकान किराया, यूजर चार्ज, अन्य आय से 2024-25 में 25.49 करोड़ का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन वसूली 11.52 करोड़ रुपए ही हो पाई थी। इसी प्रकार इस वर्ष 35.81 करोड़ का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन 31 जनवरी की स्थिति में 17.46 करोड़ रुपए ही टैक्स वसूला जा सका है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 8 मार्च 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

**लाइव इवेंट**

## दुर्ग की नेटबॉल पुरुष और बॉक्सिंग महिला टीम आल इंडिया प्रतियोगिता में लेगी हिस्सा



**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की नेटबॉल पुरूष 9 से 13 मार्च तक सेग विश्वविद्यालय इंदौर मध्य प्रदेश और महिला बॉक्सिंग 9 से 14 मार्च तक लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जालंधर पंजाब में आयोजित आल इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेगे। टीम के खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ. संजय तिवारी और कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने अच्छे प्रदर्शन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। टीम के सभी खिलाड़ियों को ट्रैकसूट, ड्रेस और जूता प्रदान किया गया। खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि नेटबॉल पुरूष टीम का प्रशिक्षण शिविर मनसा महाविद्यालय भिलाई में आयोजित कराया गया वही बॉक्सिंग महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर बॉक्सिंग क्लब सेक्टर 2 भिलाई में आयोजित कराया गया। नेटबॉल पुरूष टीम का मैनेजर डॉ. मेजर सिंह सहायक प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा मनसा महाविद्यालय भिलाई व कोच राजीव पाण्डे से अवार्ड सिनियर नेशनल खिलाड़ी एस. मोहन राव है। वही बॉक्सिंग टीम के मैनेजर इन्द्रजीत व्यायाम शिक्षक सैनिक स्कूल राजनांदगांव एवं कोच खुशबु पूर्व बॉक्सिंग खिलाड़ी भिलाई है। जिनके मार्गदर्शन में टीम प्रतियोगिता में प्रदर्शन करेगी। नेटबॉल पुरूष टीम में शामिल खिलाड़ियों में संजीव कुमार शासकीय पीजी कॉलेज दुर्ग, सूर्यकांत यादव शासकीय पीजी कॉलेज दुर्ग, तन्मय यादव शासकीय पीजी कॉलेज दुर्ग, प्रेमलाल साहू शासकीय दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव, मोहित सोनी शासकीय दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव, रितेश लकड़ा मनसा कॉलेज कोहका भिलाई, अर्जुन पांडे शंकराचार्य कॉलेज जुनवानी, हर्षित श्री शंकराचार्य कॉलेज जुनवानी, मनीष कुमार यादव सेठ आरसीएस कॉलेज दुर्ग, चंद्र भूषण कुमार सिंह कल्याण पीजी कॉलेज भिलाई नगर, सुमित कुमार जैसवार शासकीय कॉलेज वैशाली नगर भिलाई, यशमीत सिंह भट्टी शासकीय कॉलेज वैशाली नगर भिलाई है। वहीं बॉक्सिंग महिला टीम में शामिल दीपा चंद्रवंशी शासकीय दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव, प्रेरणा बंजारे शाहिद डोमेश्वर साहू शासकीय कॉलेज जामगांव-आर पुष्पा सोना कल्याण पीजी कॉलेज भिलाई नगर के खिलाड़ी शामिल होकर प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।



**लाइव इवेंट**

## शिक्षकों और कर्मचारियों ने आपसी भाईचारे और सद्भाव के संग खेला रंग




**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय के स्टाफ क्लब द्वारा होली का पर्व सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने आपसी भाईचारे, सद्भाव और रंगों की उमंग के साथ भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रंग-गुलाल और शुभकामनाओं के आदान-प्रदान से हुई, जिसके बाद सामूहिक मिलन का आयोजन किया गया। स्टाफ क्लब के सचिव राजेश चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि होली आपसी मतभेदों को भुलाकर प्रेम और एकता का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने सभी को मिल-जुलकर कार्य करने और सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का नेतृत्व नीता दास ने किया। उन्होंने कहा कि होली बीती बातों को भुलाकर नए सिरे से संबंधों को मजबूत करने और जीवन में खुशियों के रंग भरने का संदेश देती है। डॉ. अजय ने अपने उद्बोधन में कहा कि होली उत्साह और उमंग का त्योहार होने के साथ-साथ हमें एक-दूसरे का साथ देने तथा सुख-दुख बांटने की प्रेरणा भी देता है। यह केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने का अवसर भी है।

कार्यक्रम में कार्यक्रम का नेतृत्व एम के बोरकर एवं मयंक भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर आशुतोष सिंह, संजीव भदोरिया, डी.के. यादव, विकास यादव, प्रकाश कुमार देवांगन, नीता दास, सीमा शर्मा, नीति यादव, तरुणा संकरी, नरेश सिंगरौल, टकेश्वर साहू, कन्हैया लाल वैद्य, शीला चाको, रामाशीष चौहान सहित अनेक शिक्षकों ने सहभागिता निभाई। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व का आनंद लिया।



● अंतराष्ट्रीय महिला दिवस विशेष : मिले अवसर और अपनी मेहनत से सफलता के सोपान पर आगे बढ़ती नारी शक्ति

# सपनों को मिली उड़ान, महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर जिले की हर प्रतिभावान वुमन आज होंगी सम्मानित

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके संघर्ष और उनके सशक्तिकरण की यात्रा को सम्मान देने का अवसर है। आज की महिला केवल परिवार की जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक क्षेत्रों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन कर रही है। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक संबल, आत्मविश्वास और नए अवसर प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रदेश भर में महतारी वंदन योजना से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहे हैं। दुर्ग जिला भी इससे अछूता नहीं है। इस योजना की कई प्रेरणादायक कहानियों में ग्राम बोडेगांव की 70 वर्षीय उमा बाई भी शामिल है। उमा बाई बताती हैं कि पहले उन्हें छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी परिवार के अन्य सदस्यों पर निर्भर रहना पड़ता था। कई बार कुछ रुपयों के लिए उन्हें लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता था, लेकिन जब से उन्हें हर महीने महतारी वंदन योजना की राशि मिलने लगी है, तब से उनकी छोटी-छोटी जरूरतें आसानी से पूरी हो जाती हैं। अब उन्हें किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़ती।ग्राम रानीतराई पाटन की निवासी शारदा नगारची भी इस योजना से बेहद खुश हैं। उन्हें हर माह मिलने वाली राशि से वे अपनी बेटी के नाम से बचत करती हैं और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में खर्च करती हैं। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और बच्चों की शिक्षा में भी सहयोग मिल रहा है। बोरई गांव की संगीता यादव के जीवन में भी इस योजना ने नई उम्मीद जगाई है। पहले घर का पूरा खर्च उनके पति की मजदूरी पर निर्भर था, लेकिन अब महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि से वे घर के आवश्यक सामान खरीदने में सहयोग कर पा रही हैं। इससे उन्हें आत्मनिर्भरता का अनुभव हो रहा है और परिवार के बजट में उनका भी योगदान बढ़ा है। महतारी वंदन योजना ने केवल आर्थिक सहयोग ही नहीं दिया, बल्कि कई महिलाओं के सपनों को भी नई उड़ान दी है। दुर्ग की हितेश्वरी वर्मा का सपना शिक्षिका बनने का था, लेकिन जिम्मेदारियों के कारण उनकी पढ़ाई अधूरी रह गई थी। अब महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग वे अपनी पढ़ाई और किताबों के लिए कर रही हैं। उनका कहना है कि इस सहायता से वे अपनी शिक्षा पूरी कर सकेंगी और भविष्य में बच्चों को पढ़ाकर समाज के विकास में योगदान देंगी।

## महतारी वंदन, लखपति दीदी और ड्रोन दीदी जैसी शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं ने बदली महिलाओं की जिंदगी





### ग्राम चीचा की दुर्गा पटेल पूरे गांव के लिए बनी मिसाल

महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में लखपति दीदी योजना भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना के माध्यम से स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं आज सफल उद्यमी बन रही हैं। जिले की चीचा ग्राम पंचायत की दुर्गा पटेल इसका प्रेरणादायक उदाहरण हैं। स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्हें विभिन्न कौशल प्रशिक्षण प्राप्त हुए, जिसके बाद उन्होंने घर पर ब्यूटी पार्लर का कार्य शुरू किया। साथ ही पशु सखी के रूप में भी कार्य करते हुए पशुओं के टीकाकरण और देखभाल से आय अर्जित कर रही हैं। असोगा गांव की मंजू अंगारे आज लड्डू वाली दीदी के नाम से प्रसिद्ध है। स्व-सहायता समूह से जुड़कर उन्होंने लड्डू बनाने का व्यवसाय शुरू किया। शुरुआत में वे अपने गांव की दुकानों के लिए लड्डू बनाती थीं, लेकिन धीरे-धीरे आसपास के गांवों से भी ऑर्डर मिलने लगे। आज वे विभिन्न प्रकार के लड्डू बनाकर हर महीने 15 से 20 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं। आमटी गांव की केतकी बाई पटेल ने भी मेहनत और संकल्प के बल पर अपनी अलग पहचान बनाई है। हर महीने लगभग 32 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं। रिसामा की खेमीन निर्मलकर ने सेंट्रिंग प्लेट उपलब्ध कराने का कार्य प्रारंभ किया, जो निर्माण कार्यों में उपयोग की जाती हैं। आज उनकी प्लेट्स कई ग्रामीण आवासों और निजी निर्माण कार्यों में उपयोग हो रही हैं। बोरीगारका की पुष्पा साहू ने समूह के माध्यम से अचार, पापड़, मोमबत्ती, दीया और केक बनाने का व्यवसाय शुरू किया। उनके उत्पाद अब विभिन्न जिलों तक पहुंच रहे हैं और इससे उन्हें सालाना अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है।



### ड्रोन दीदी ने देश-दुनिया में बनाई पहचान, आज दूसरी महिलाओं को कर रही तैयार

इसी क्रम में मतवारी गांव की ड्रोन दीदी जागृति साहू की कहानी संघर्ष, आत्मविश्वास और नई संभावनाओं की प्रेरक मिसाल है। दो विषयों में पोस्टग्रेजुएट और बी.एड. होने के बावजूद शिक्षक बनने का सपना पूरा न हो पाने से वे निराश हो गई थीं, लेकिन परिवार के सहयोग से उन्होंने मशरूम की खेती शुरू की और अपनी मेहनत से इसे एक सफल व्यवसाय में बदल दिया। शासन की योजनाओं का लाभ लेकर उन्होंने अपनी पहचान और मजबूत बनाई। मशरूम उत्पादन में उल्लेखनीय सफलता के कारण उन्हें मशरूम लेडी ऑफ दुर्ग के नाम से पहचान मिली। बाद में उन्होंने नमो ड्रोन दीदी पहल के अंतर्गत ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाणित ड्रोन पायलट के रूप में कार्य करना शुरू किया। आज वे खेतों में ड्रोन के माध्यम से दवाइयों का छिड़काव कर किसानों की मदद कर रही हैं।

## फूलों की वर्षा कर ब्यूटीशियनों का किया गया सम्मान, दिया स्मृति चिन्ह

**भिलाई।** दुर्ग-भिलाई महिला सशक्तिकरण के लिए कार्यरत संस्था डीटीएस (डोनेट थोड़ा सा) द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जूही सैलून एंड स्पा में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सैलून में कार्यरत सभी महिला कर्मचारियों का फूलों से स्वागत किया गया और उन्हें उनके नाम अंकित स्मृति-चिन्ह भेंट किए गए। यह सम्मान पाकर महिला कर्मचारियों के चेहरों पर खुशी और आत्मसम्मान का भाव दिखाई दिया।



कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर केक काटकर महिला दिवस का उत्सव मनाया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। पूरे माहौल में उत्साह और आनंद का वातावरण देखने को मिला। डीटीएस संस्था लंबे समय से दुर्ग, भिलाई और रायपुर सहित छत्तीसगढ़ में महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। महिला दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम सभी के लिए एक खुशहाल और यादगार पल बन गया। कार्यक्रम मेंसंस्था की ऑनर जूही व्यास, डोनेट थोड़ा सा के डायरेक्टर अभिजीत पारख, स्मिता तांडी, रूपल गुप्ता और नेहा सहित सभी सदस्या मौजूद रहे।

## कौशल उन्नयन प्रशिक्षण से महिलाएं हुई मजबूत समापन समारोह 15 को

**भिलाई।** अखिल भारतीय उत्कृष्ट बहुउद्देशीय संस्था द्वारा कौशल उन्नयन प्रशिक्षण के तहत निर्धन और जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक विकास करने को ध्यान में रखेत हुए तीन माह का सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कैंप-1, वार्ड-28 के सार्वजनिक भवन में 14 दिसबंर 2025 से 14 मार्च 2026 तक दिया जाएगा। जिसका समापन समारोह 15 मार्च को आयोजित किया जायेगा। समापन समारोह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को सेलिब्रेट करते हुए रविवार को सुबह 10 बजे से डेढ़ बजे तक वार्ड-6, रुआबांधा सेक्टर के नारी जागरण केंद्र के डोम शेड में स्व वेणुगोपाल नायर परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अखिल भारतीय उत्कृष्ट बहुउद्देशीय संस्था की अध्यक्ष शानू मोहनन ने बताया कि इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर होंगे। अति विशिष्ट अतिथि सर्व समाज कल्याण समिति अध्यक्ष इंद्रजीत सिंग छोटू, समाज सेविका विनीता पांडेय होंगी। मुख्य वक्ता स्वरूपानंद महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. हंसा शुक्ला और कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर डी. एन. शर्मा करेंगे।

## रेड ड्रॉप संस्था आज करेगी नारी शक्ति का सम्मान

**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भिलाई स्थित सूर्या मॉल में रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब छत्तीसगढ़ संस्था द्वारा नारी शक्ति को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान किया जाएगा। यह कार्यक्रम 8 मार्च को दोपहर 12 से आयोजित है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपलब्धि हासिल प्राप्त किए हुए प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में रक्तदान शिविर का आयोजन कर रक्तदाताओं का सम्मान किया जाएगा।




विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एक चुनौतीपूर्ण कार्य करने वाली महिला की कहानी

कार्नर न्यूज

## संकल्प और परिश्रम से गढ़ी सफलता, महिलाओं के लिए एक मिसाल बनीं डॉ. मुदलियार

**भिलाई।** विज्ञान और इंजीनियरिंग जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में आज महिलाएं अपनी प्रतिभा और परिश्रम से नई ऊंचाइयाँ प्राप्त कर रही हैं। सिविल इंजीनियरिंग की महत्वपूर्ण शाखा भू-तकनीकी अभियांत्रिकी में उल्लेखनीय पहचान बनाने वाली डॉ. ऋचा मुदलियार सिंह ऐसी ही प्रेरणादायक व्यक्तित्व हैं।

डॉ. ऋचा ने बीआईटी दुर्ग से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक किया और अध्ययन के दौरान विश्वविद्यालय में टॉप-10 में स्थान प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2013 में गेट की परीक्षा में 99.73 पर्सेंटाइल हासिल करते हुए ऑल इंडिया रैंक 195 प्राप्त की, जो उस समय अंचल की प्रमुख उपलब्धियों में गिनी गई। इस सफलता के बाद उन्हें देश के कई प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों से एमटेक के लिए प्रस्ताव मिले, जिनमें से उन्होंने आईआईटी रुड़की के जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग विभाग को चुना।

आईआईटी रुड़की से एमटेक पूर्ण करने के बाद उन्होंने कुछ समय एनआईटी रायपुर में अध्यापन किया तथा बाद में आईआईएससी बेंगलुरु में रिसर्च एसोसिएट के रूप में कार्य किया। वर्ष 2016 में उन्होंने आईआईटी कानपुर में डॉ. राजेश सत्यमूर्ति के मार्गदर्शन में पीएचडी के लिए प्रवेश लिया और लगभग 6.5 वर्षों के कठिन परिश्रम के बाद अपना शोध कार्य पूर्ण किया। उनके शोध कार्य की विशेष उपलब्धि यह रही कि उन्होंने एक विशेष उपकरण का आविष्कार किया, जिसका भारत सरकार द्वारा पेटेंट प्रदान किया गया।



### घर को ही प्रयोगशाला बनाकर किए नए-नए प्रयोग

डॉ. ऋचा ने पीएचडी के दौरान कोविड-19 महामारी के कारण जब प्रयोगशालाएं बंद हो गईं, तब भी उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने अपने घर के एक कमरे को अस्थायी प्रयोगशाला में बदलकर आवश्यक उपकरणों की सहायता से अपने प्रयोग जारी रखे और अपने शोध को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह उनके दृढ़ संकल्प और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। वर्तमान में डॉ. ऋचा मुदलियार सिंह एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में सीनियर जियोटेक्निकल इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं। उनके पिता व्हीएसटी रमन सेक्टर-10 के सीनियर सेकंडरी स्कूल में गणित के पूर्व व्याख्याता रहे हैं, जबकि उनकी माता आशा मुदलियार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरझिट्टी, जिला राजनांदगांव की प्राचार्य हैं। उनकी छोटी बहन भारतीय आर्थिक सेवा में अधिकारी हैं। उनके पति प्रणव सिंह फ्रेश वर्ल्ड कंपनी में सीनियर प्रोडक्ट मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं।

## सिटी इवेंट

# आज पुलिस कमांडो और महिला पुलिस कर्मियों का सम्मान



**दुर्ग।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 8 मार्च को शाम 4 बजे राजेन्द्र पार्क के समीप आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रहेगी।

इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार द्वारा, ट्रैफिक महिला पुलिस, पुलिस कमांडो, महिला पुलिसकर्मियों और आम महिला वाहन चालकों का सम्मान किया जाएगा। सुबह 7 बजे महिला दिवस पर नाना-नानी दादा-दादी पार्क में मॉर्निंग वॉक करने वाली महिलाओं को योगा मेट मिलेगा। इसके बाद प्रधानमंत्री आवास पहुंचकर महिलाओं का सम्मान, भाजपा महिला कार्यकर्ताओं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान होगा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की सुरक्षा और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 500 से अधिक हेलमेट वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही महिला कमांडो को उनके कर्तव्यों के निर्वहन में सहायता के लिए 500 से अधिक लाठी, टॉर्च, टोपी सहित अन्य आवश्यक सामग्री भी प्रदान की जाएगी। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का अवसर भी है।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा आज के समय की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। कई बार हेलमेट न पहनने के कारण गंभीर सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान चली जाती है। ऐसे में महिलाओं को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना और उन्हें सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। नगर निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शहर की बड़ी संख्या में महिलाएं, सामाजिक संगठन और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे।

## सिटी लाइव

# विदाई समारोह में विद्यार्थियों ने साझा किए अपने अनुभव





**दुर्ग।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जेवरा सिरसा में शनिवार को कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन गया। इस आयोजन में सभी बच्चों ने स्कूल से जुड़ी अपना अनुभव साझा किए। प्रधान पाठक संध्या सेंगर द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरण और परीक्षा संबंधी विशेष जानकारी दी गई। सभी शिक्षक ने बच्चों को आशीष प्रदान किए। इस दौरान शिक्षक रामबाई डहरिया, कौशल्या ठाकुर, सीता मनराम, सरिता सोनी, विभु दुबे, यशु भारती सोनी उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने इस आयोजन के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया।

## समाज इवेंट

# दो और चारपहिया चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने किया जागरूक



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के टीपीएल वर्कशॉप द्वारा टीडीएस-1 के निकट फॉरेस्ट एवेन्यू अग्निशमन मुख्यालय के सामने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन हुआ। महाप्रबंधक टीपीएल शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल उपस्थित थे। अभियान के दौरान संयंत्र के भीतर दोपहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, निर्धारित गति सीमा के पालन, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा विपरीत दिशा में वाहन न चलाने के संबंध में समझाइश दी गई। संयंत्र परिसर में हल्के वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 30 कि.मी./घंटा तथा भारी वाहनों के लिए 20 कि.मी./घंटा निर्धारित होने की पुनः जानकारी दी गई।

# टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार का वितरण 25 मरीजों को मिला न्यूट्रिशन किट



**भिलाई।** सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में टीबी मरीजों के लिए पोषण सहायता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अस्पताल में उपचार करा रहे मरीजों को पौष्टिक आहार और न्यूट्रिशन किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के तहत करीब 25 टीबी मरीजों को न्यूट्रिशन किट प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार टीबी के मरीजों के लिए दवाओं के साथ-साथ पौष्टिक आहार भी बेहद जरूरी होता है, जिससे उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो सके। इस अवसर पर अस्पताल के प्रभारी डॉ. पीयाम सिंह ने बताया कि टीबी मरीजों को नियमित दवा के साथ पोषण मिलना भी जरूरी है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर मरीजों को सहयोग दिया जाता है। इस दौरान डॉ. विजयलक्ष्मी, एसटीएस मिलिंद पाटिल, एसटीएलएस भूषण लाल साहू, टीबीएचवी कविता तिवारी और दीपक यादव सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भिलाई में ज्ञान सभा का आयोजन

# संस्कार व ज्ञान-बोध का समावेश जरूरी, शिक्षा को चरित्र और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने शिक्षाविदों ने किया मंथन

भिलाई। श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भिलाई में छत्तीसगढ़ ज्ञान सभा का आयोजन दो दिवसीय आयोजन श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भिलाई, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग रायपुर तथा शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। आयोजन में शिक्षा को चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के विषय पर देशभर के शिक्षाविदों एवं नीति-निर्माताओं ने मंथन शुरु किया। दो दिवसीय आयोजन के प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नागपुर वरिष्ठ प्रचारक सुरेश जोशी, राष्ट्रीय संयोजक शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली ओमप्रकाश शर्मा, आई.आई.टी. भिलाई निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश, डॉ. संदीप श्रीवास्तव, कुलपति, टोपलाल वर्मा वरिष्ठ संघ प्रचारक रायपुर और डॉ. जया मिश्रा अध्यक्ष एस.जी.ई.एस., भिलाई उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आई. पी. मिश्रा कुलाधिपति शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भिलाई ने की।





### शिक्षा जीवन के प्रारंभ से अंत तक चलने वाली निरंतर प्रक्रिया

मुख्य अतिथि सुरेश जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा ने व्यवसाय का रूप धारण कर लिया है, जबकि विद्या वास्तव में एक ज्ञान-यज्ञ है। विद्या दान है, इसे न तो बेचा जा सकता है और न ही खरीदा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को केवल जानकारीपरक शिक्षा दी जा रही है, जबकि जानकारी के साथ संस्कार और ज्ञान-बोध का समावेश भी आवश्यक है। तभी शिक्षण कार्य अपने वास्तविक अर्थों में पूर्ण माना जा सकेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्य की योजना बनाते समय भूतकाल के अनुभवों को आधार बनाकर वर्तमान को दिशा देनी चाहिए, ताकि भविष्य का निर्माण करने वाली सक्षम एवं संस्कारित मानव-संपदा तैयार की जा सके। शिक्षा जीवन के प्रारंभ से अंत तक चलने वाली निरंतर प्रक्रिया है। प्रत्येक व्यक्ति में जीवनपर्यंत विद्यार्थी बने रहने का जज़्बा होना चाहिए। शिक्षा में 'मैं' के स्थान पर 'हम' की भावना निहित होनी चाहिए, तभी शिक्षा सार्थक सिद्ध होगी।

### शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित न रहे चरित्र निर्माण जरूरी

आई. पी. मिश्रा ने कहा कि छग ज्ञान सभा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जिसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक मूल्याधारित शिक्षा पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित न रहे, बल्कि वह चरित्र निर्माण, ज्ञान-विस्तार, प्रतिभा विकास, आधुनिकता, तकनीकी दक्षता तथा मूल्याधारित दृष्टिकोण से समाहित हो। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को शिक्षा प्रणाली से जोड़ा गया है। विश्वविद्यालयों में शोधमूलक अध्ययन एवं नवाचार को विशेष प्रोत्साहन मिलना चाहिए। इस सत्र में विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से आए प्रतिभागियों द्वारा शोधपत्रों का वाचन किया गया। विभिन्न शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था।

### हिंदी व अंग्रेज़ी दोनों में ही देश का नाम भारत ही प्रयोग करें

ओमप्रकाश शर्मा ने छत्तीसगढ़ ज्ञान सभा के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम की थीम छग के विकास के लिए शिक्षा निर्धारित की गई है। इसमें छग के समग्र विकास में शिक्षा की भूमिका पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने हिंदी व अंग्रेज़ी दोनों में ही देश का नाम भारत ही प्रयोग किये जाने का आग्रह किया। साथ ही भारतीय परंपराओं के अनुरूप जन्मदिन दिवस में मनाने और पंचांग के अनुसार तिथि निर्धारित करने की बातें कही।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुई चर्चा

द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि भारतीय शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास सचिव नई दिल्ली डॉ. अतुल कोठारी रहे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य हमें वैचारिक, बौद्धिक एवं व्यावहारिक रूप से भारतीय बनाना है। आयोजन के दूसरे सत्र में विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा शोधपत्रों का वाचन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से आए प्रतिभागियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रथम सत्र में उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा, गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक चक्रवाल और आई.पी.मिश्रा उपस्थित रहे।उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार परक नहीं बल्कि चरित्र निर्माण का साधन है। भारत को न केवल अपने पौराणिक ज्ञान परंपरा की ओर लौटना होगा बल्कि आधुनिकता हो भी स्वीकार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमें संकल्प लेना चाहिए कि छत्तीसगढ़ का सर्वांगीण विकास करने में आधुनिक और पुरातन दोनों के बीच समन्वय बनाकर चलना पड़ेगा। शिक्षा को और लचीला बनाने की बात करते हुए हन्होंने कहा कि हम पुरे छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू करेंगे। कार्यक्रम के समापन सत्र में डॉ अतुल कोठारी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित प्रश्नोत्तरी में छत्तीसगढ़ ज्ञान सभा में दो दिनों से शिरकत कर रहे प्रतिभागियों के शंकाओं का समाधान किया। कुलपति प्रो आलोक चक्रवाल ने कहा कि भारत अपने पौराणिक ज्ञान से ओतप्रोत है जिसे समझने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि हमें सरकार के भरोसे नहीं बल्कि खुद जागरूक होकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना होगा।

## रंगोत्सव

# वरिष्ठजनों ने पुरानी यादें की ताजा होली में गले मिलकर दी बधाई



**भिलाई ।** समाज सेवी संगठन लोकार्पण समिति द्वारा रंगों का पर्व होली के दिन शाम को वैशाली नगर भिलाई के सियान सदन में वृद्धजनों के बीच बुजुर्गों को गुलाल लगा कर उनसे आशीर्वाद लिया । रंगो उत्सव में सियान सदन के वरिष्ठ जनो ने अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए होली के बातों को शेयर किया। सादगी पूर्ण वातावरण में होली के रंगों को आपस में लगा कर एक दूसरे को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

- **लोकार्पण समिति वृद्धजनों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ कानूनी सहायता प्रदान करने देगा सहयोग**

होली के दिन शाम को होली मिलन के आयोजन में सियान नागरिक मंच के अध्यक्ष राधेश्याम प्रसाद महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता, रतनलाल गोयल ,लोकार्पण समिति के प्रदेश अध्यक्ष इस्माईल खान उपस्थित हुए । लोकार्पण समिति के अध्यक्ष इस्माईल खान के द्वारा वरिष्ठ जनों को गुलाल लगा कर उनका आशीर्वाद लिया उनके दीर्घायु की कामना किया। होली मिलन कार्यक्रम में एक दूसरे का परिचय करते हुए बुजुर्गों ने अपने विचार रखा। आगामी समय से सियान सदन के प्रबंधक की सहमति से बुजुर्गों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाने की बात कही। होली मिलन कार्यक्रम का सफल संचालन महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता द्वारा किया गया कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक रतन लाल गोयल ,एम एल गोपाल,मन्नू लाल बघेल, राजपाल सिंह राघव, घनश्याम यादव, पीएन त्रिपाठी , रामाधार, केएल विश्वकर्मा, रमेश चंद्र बटघरे, एस ए नंदी, दिलीप रत्नानी, चंद्रभान सहित सियान नागरिक मंच के सदस्य उपस्थित हुए।

## परफॉर्म एंड एक्सेल का आयोजन

# निदेशक प्रभारी ट्रॉफी 2025-26 के विजेताओं को किया सम्मानित



**भिलाई।** संयंत्र स्तरीय प्रतियोगिता डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले बीएसपी की टीमों को को इस्पात भवन में निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र द्वारा सम्मानित किया गया। डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी 2025-26 में सहायक महाप्रबंधक अरिंदम कर, वरिष्ठ प्रबंधक अनुप कुमार सिंह एवं वरिष्ठ प्रबंधक के पवन कुमार की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मार्च में एमटीआई, रांची में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगी।वरिष्ठ प्रबंधक (सीओसीसीडी) चेतन अशोक फुटाणे, वरिष्ठ प्रबंधक फिलोमिना एक्का, उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया की टीम ने प्रथम उपविजेता तथा वरिष्ठ प्रबंधक (एसएमएस-3) भावनीत कृष्णा, वरिष्ठ प्रबंधक (मैकेनिकल सर्विसेज) हिमांशु वर्मा, सहायक महाप्रबंधक (डब्ल्यूएमडी) अजय नाथ जी पिल्लई की टीम द्वितीय उपविजेता रही। वर्किंग टूगेदर एस वन सेल कोलैबोरेट, परफॉर्म एंड एक्सेल" विषय पर युवा प्रबंधकों के लिए आयोजित निदेशक प्रभारी ट्रॉफी 2025-26 के विजेताओं को भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र और कार्यपालक निदेशकों ने सम्मानित किया। ईडी पी के सरकार,राकेश कुमार,सीएमएलओ कमल भास्कर, ईडी अरुण कुमार,केसी मिश्रा उपस्थित थे।

## मानसिक दिव्यांग स्कूल स्नेहा संपदा में समिति ने बांटी होली की खुशियां

# मानसिक डिसेबल बच्चों संग मनाई खुशियों की होली, रंग और गुलाल लगाकर फिल्मी गानों में जमकर थिरके

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** खुशी वो अनमोल चीज है जो आज हर किसी को नहीं मिलती और जिन्हें नहीं मिलती वह इन खुशियों का महत्व बखूबी जानते हैं। इस दुनिया में कुछ ऐसे डिसेबल लोग भी हैं, जो खुशियों के लिए तरसते हैं। उनके जीवन में भी खुशियां आएं इसके लिए कुछ लोग अपनी खुशियों को उनके साथ बांटते हुए दिखते हैं। ऐसा ही कुछ रंगों का पर्व होली पर सांईनाथ सेवा समिति ने किया। उन्होंने डिसेबल बच्चों के स्कूल जाकर होली की खुशियां बांटी। साथ ही बच्चों को रंग-गुलाल लगाकर फिल्मी गानों में सभी जमकर थिरके। बच्चों को पिचकारी बांटी। इससे सभी बच्चों के चेहरे पर खुशियां दिखाई दीं। श्रीसांई नाथ जन सेवा समिति के अध्यक्ष जी माधव राव और पूरी टीम होली त्यौहार की खुशियां बांटने भिलाई सेक्टर 8 स्थित स्नेह संपदा मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के स्कूल पहुंचे, जहां सभी बच्चों को एकत्र करके सबसे पहले उनके मासूम चेहरों पर रंग-बिरंगे हल्के गुलाल लगाकर रंग उत्सव मनाया। उसके बाद इन बच्चों ने भी अपनी समझ के अनुसार रंग उत्सव मनाने आए सभी सदस्यों को रंग लगाकर रंगीन कर दिया, देखते ही देखते माहौल खुशियों से भर गया और फिल्मी गानों पर समिति के सदस्यों के साथ-साथ स्नेहा संपदा स्कूल के बच्चों ने भी खूब मनोरंजन किया और होली त्यौहार के आनंद में डूब गए।





### बच्चों की एक्टीविटी देख लोग हुए भावुक

इस अवसर पर स्कूल के सभी बच्चे रंगों को देख-देख कर खूब खुश हुए। बच्चों ने समिति के सदस्यों के साथ होली खेली। उनके चेहरों पर रंग लगाकर अपनी भावना को व्यक्त किया। समिति के सभी सदस्यों ने होली त्यौहार की खुशियां इन नन्हे मुन्ने मानसिक दिव्यांग बच्चों के साथ साझा किया। स्नेहा संपदा स्कूल की शिक्षिका और संचालिका ने भी श्री साईनाथ जन सेवा समिति के अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों का आभार जताया है और अन्य सक्षम संस्थाओं एवं व्यक्तियों से ऐसे बच्चों की यथा संभव मदद करने अपील की। इस होली के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. मंजू तिवारी, के. उमाशंकर राव, जगदीश राव, एम. पापराव, बी. रवि राव, मुगी वेंकट, विश्वनाथ, यू. अनिल कुमार, दीपक कुमार, विशाल साव, हिमांशु साव, चांदनी, सांईना सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## आफिसर्स एसोसिएशन में स्टील वूमेन रन आज

**भिलाई।** आफिसर्स एसोसिएशन बीएसपी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्टील वूमेन रन 2026 का आयोजन 8 मार्च को किया जा रहा है। भिलाई इस्पात संयंत्र में 225 से अधिक महिला अधिकारी कार्यरत हैं जिनके साथ महिला दिवस के अवसर को एक आयोजन के रूप में मनाने की परम्परा तीन वर्ष पूर्व सेफी चेयरमेन एवं बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर के पहल एवं नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की परम्परा की शुरूआत की गई थी। इसी कड़ी में इस वर्ष भी आफिसर्स एसोसिएशन के प्रगति भवन में स्टील वूमेन रन 2026 का आयोजन प्रातः 6.30 बजे से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र की सभी महिला अधिकारियों को आमंत्रित किया गया। ओए महासचिव अंकुर मिश्रा ने बताया कि संयंत्र में महिला अधिकारियों का नेतृत्व समय के साथ उभरा है आज लगभग सभी क्षेत्रों में महिला अधिकारियों ने अपनी क्षमताओं का लोहा मनवाया है। आज की महिला के नेतृत्व एवं उपलब्धियों का उत्सव आफिसर्स एसोसिएशन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को स्टील वूमेन रन 2026 के रूप में बना रहा है, उम्मीद है कि सभी महिला अधिकारी इस आयोजन में भाग लेंगी। रविवार 8 मार्च को प्रातः 6.30 बजे सर्वप्रथम महिला अधिकारियों स्वास्थ्य हित के लिए जुम्बा सत्र का आयोजन किया गया है तदोपरांत प्रातः 7 बजे स्टील वूमेन रन 2026 के अंतर्गत महिला अधिकारियों की दौड़ जो कि प्रगति भवन सिविक सेंटर से प्रारंभ होकर पोस्ट आफिस सिविक सेंटर, मिराज सिनेमा होते हुए वापस प्रगति भवन में समाप्त होगी।

**निधन**

### रमादेवी श्रीवास्तव



**भिलाई।** टी मार्केट पावर हाउस निवासी रमादेवी श्रीवास्तव 78 वर्ष का निधन 7 मार्च को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 मार्च की दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे स्व. एनपी श्रीवास्तव की पत्नी, राजेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव की मां, सुशील , विमल ,रितिक, आकाश, सृष्टि की दादी थी।

### नजीर हुसैन



**भिलाई।** एमआईजी-2-182 हुडको आमदीनगर भिलाई निवासी नजीर हुसैन (70 वर्ष) का निधन हो गया। पूर्व बीएसपी कर्मचारी व पावर लिफ्टर के चैम्पियन थे। उनका अंतिम संस्कार 8 मार्च को रायपुर मौहदापारा कब्रिस्तान में किया जाएगा। वे तारानजद हुसैन के पति व अफरोज बानो व इम्तियाज हुसैन के पिता थे।

### रामेश्वरी वर्मा



**भिलाई।** भिलाई तीन निवासी रामेश्वरी वर्मा (64 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार दोपहर 12 बजे एकता नगर भिलाई-3 मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई।

!! न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग !!

**उदघोषणा**

रा.प्र.क./202601100700073/अ-06/वर्ष 2025-26

एतद्‌द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक/ दानग्रहिता संजय कुमार गनवीर पिता स्व. प्रहलाद गनवीर निवासी म.नं.-152, मोहन नगर दुर्ग तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम दुर्ग प.ह.नं. 19 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1313/19 रकबा 0.006 हे./600 वर्गफीट लगान अभिलेखानुसार भूमि दान प्राप्त भूमि बाजार मूल्य 15,01,000/- रूपये भूमि को दानकर्ती श्रीमती शकुंतला बाई गनवीर ध.प. स्व. प्रहलाद गनवीर निवासी म.नं.-152, मोहन नगर दुर्ग तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) से रजिस्टर्ड दान पत्र दिनांक 14/01/2026 को किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर दानग्रहिता के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13/03/2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित मे आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 26/02/2026 को यह उदघोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक- 26/02/2026
सुनवाई दिनांक-13/03/2026

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

# वेटनरी कॉलेज में हुई गड़बड़ी की 11 माप पुस्तिका गायब, विस में उठा मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

कामधेनु यूनिवर्सिटी अंजोरा में 1.54 करोड़ के घोटाले के मामले में न तो जांच आगे बढ़ रही है, न ही कोई कार्रवाई हुई है। अब तक पूरे मामले में कामधेनु यूनिवर्सिटी प्रबंधन लीपापोती का प्रयास करते रहा है। इस मामले को लेकर राजिम के विधायक रोहित साहू ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने पहले कुलपति से मामले की जानकारी चाही, लेकिन उन्हें जानकारी नहीं उपलब्ध नहीं कराई गई। अब एक नया खुलासा हुआ है कि वर्ष 2018 में करीब 72 लाख के कामों की 11 माप पुस्तिका ही गायब कर दी गई।

इस मामले में सहायक अभियंता अरविंद देशमुख को दोषी माना गया है, लेकिन जांच प्रतिवेदन के 6 साल बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अभनपुर के विधायक इंद्रकुमार साहू ने विधानसभा में प्रश्न लगाया है। इस मामले में 7 मार्च तक जानकारी उपलब्ध करने कहा गया था, लेकिन यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने होली त्योहार होने की वजह से जानकारी नहीं भेजी। अब खबर है कि 9 मार्च को जवाब प्रस्तुत किया जाना है, जिसे 20 मार्च को विधानसभा में कार्रवाई के दौरान रखा जाएगा। बता दें कि इस पूरे मामले में अधिकारियों को कार्रवाई से बचाने की जुगत शुरू हो गई है। आर्थिक अनियमितता के इस मामले में अरविंद उल्लास देशमुख को दोषी ठहराया है। बावजूद कार्रवाई अब तक नहीं हुई है।

**अब तक लीपापोती : तत्कालीन निदेशक चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम ने माना था दोषी**

### शासन को भेजी जा रही कार्रवाई लंबित होने की जानकारी

इस मामले में विधानसभा में जो जानकारी भेजी जा रही है, उसमें कार्रवाई को लंबित बताया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि देशमुख को जांच टीम ने दोषी बताया है। शासन को इस बारे में जानकारी पहले ही भेजी गई है। कार्रवाई को लेकर मार्गदर्शन भी मांगा गया है, लेकिन कार्रवाई लंबित है। बता दें कि बिलासपुर में चल रहे काम की माप पुस्तिकाओं जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों को कार्यालय से गायब कर देने के आरोपों में विश्वविद्यालय ने 3 सदस्यीय जांच समिति बनाई थी। इसमें डॉ. पीके सन्याल, डॉ. संजय साक्य और डॉ. पीएल चौधरी को शामिल किया गया था। 11 नग मेजरमेंट बुक व बिल मेजरमेंट बुक को जानबूझकर कार्यालय से गायब किया गया। जबकि ठेकेदारों को करोड़ों का भुगतान मेजरमेंट बुक व बिल मेजरमेंट बुक के आधार पर ही किया जाता है। तत्कालीन कार्यपालन अभियंता संतोष कुमार अग्रवाल ने यूनिवर्सिटी को पत्र लिखा था। रिपोर्ट में सहायक अभियंता को दोषी बताया गया। इस मामले में विश्वविद्यालय के अधिकृत एडवोकेट यशवंत सिंह ठाकुर से लीगल ओपिनियन मांगा गया। इसमें उन्होंने सेवा समाप्ति का ओपिनियन दिया।



फाइल फोटो

### फर्जी बिलिंग कर दो एजेंसियों को पहुंचाया था 1.54 करोड़ का फायदा

बता दें अनियमितता के एक अन्य मामले में फर्जी बिलिंग कर दो कार्य एजेंसियों को करीब 1.54 करोड़ रुपए का फायदा पहुंचाया गया। दो स्तर पर हुई जांच में यह बात सामने आई है। करीब 3 साल से इस घोटाले की जांच चल रही है। पिछले दिनों कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह ने नए सिरे से विभागीय जांच के निर्देश दिए। आदेश के 7 महीने बाद अब जांच शुरू की गई है। यूनिवर्सिटी द्वारा बिलासपुर वेटनरी कॉलेज के अस्तित्व में आने के बाद बॉयस हॉस्टल, ऑडिटोरियम, गर्ल्स हॉस्टल, टीवीसीसी बिल्डिंग और एफ, जी, एच टाइप के आवासों के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई थी। इन कामों के लिए वर्ष 2017 में 15.42 करोड़ रुपए की स्वीकृति ली गई थी। इसमें बॉयस हॉस्टल और ऑडिटोरियएम का काम गौरी कंस्ट्रक्शन को दिया गया, जो करीब 6.46 करोड़ का था। वहीं गर्ल्स हॉस्टल टीवीसीसी बिल्डिंग और आवासों के निर्माण का अशोक केजरीवाल को दिया गया, जो करीब 8.96 करोड़ रुपए का था। खास बात यह है कि अनियमितता के खुलासे के बाद दोनों ही कार्य एजेंसी ने बीच में ही काम छोड़ दिया। जांच के दौरान ही दोनों एजेंसियों को काम के अनुसार फाइनल भुगतान भी कर दिया गया। इस पूरे मामले में सहायक अभियंता उल्लास अरविंद देशमुख की भूमिका संदिग्ध है। एमबी बुक में 33 जगहों पर डुप्लीकेसी के जरिए 1.54 करोड़ की ज्यादा बिलिंग की गई। इसमें तय दरों को वहीं रखा गया, लेकिन माप और क्वांडिटी ज्यादा कर दी गई। यह रिपोर्ट 12 मई 2022 को कुलसचिव को प्रेषित की गई। इसके बाद एक और जांच कराई गई। इस रिपोर्ट में भी अनियमितता के आरोपों को सही बताया गया। यह रिपोर्ट 1 अप्रैल 2025 को सौंपी गई थी।

### मोरिद फिल्टर प्लांट में आई तकनीकी खराबी

# डुंडेरा में पांच दिनों से जलापूर्ति ठप महिलाओं ने निगम में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उतई

**हैंडपंप भी हो रहे बंद, शिकायत का भी असर नहीं**



नगर पालिक निगम रिसाली के ग्रामीण वार्ड 35 व 36 डुंडेरा में पिछले पांच दिनों से जलापूर्ति बाधित है, जिससे क्षेत्रवासियों को गंभीर जल समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

पेयजल संकट से परेशान ग्रामीण महिलाएं पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे के नेतृत्व में नगर निगम रिसाली कार्यालय पहुंचीं और आयुक्त के नाम प्रभारी उपअभियंता को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग निगम प्रशासन से की है।पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने बताया कि डुंडेरा में अमृत मिशन योजना के अंतर्गत मोरिद जलाशय से पूरे गांव में जलापूर्ति की जाती है। मोरिद फिल्टर प्लांट में तकनीकी खराबी के कारण प्रारंभ में दो दिनों के शटडाउन की सूचना दी गई थी, किंतु पांच दिन बीत जाने के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो सका है।

लगातार पांच दिनों से पानी नहीं मिलने के कारण ग्रामवासियों को दैनिक जरूरतों के साथ-साथ त्योहारी सीजन में विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही पानी सप्लाई नही होने के कारण हैंडपंपो में दबाव बढ़ गया है जिसे हैंडपंप भी बंद हो गए है जिससे भरी त्योहार में वार्डवासियों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान ईश्वर साहू,मोनू तिवारी,लूलेश्वर,जानकी साहू,हेमा यादव, दिनेश्वरी डहरिया, प्रतिमा नायक, टिकेश्वरी साहू,वंदना साहू, रूखमणी, पार्वती, इंद्राणी, गोरी, कुंती धनकर, सोहद्रा देवांगन, दिलेश्वरी, मुकुंद, कुमारी, चम्पा यादव, अनुसूइया साहू, राधिका सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## दुर्ग में प्रदर्शित हुई फिल्म शतक मंत्री गजेन्द्र भी देखने पहुंचे



**दुर्ग।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निर्मित प्रेरणादायी फिल्म शतक की गौरव गाथा के विशेष प्रदर्शन केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के नेतृत्व में आयोजन शनिवार को दुर्ग के स्वरूप सिनेमा टॉकीज में किया गया। दोपहर 3 बजे आयोजित इस विशेष प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महापौर अल्का बाघमार ने भी उपस्थिति दर्ज कराई।

फिल्म प्रदर्शन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पिछले एक शताब्दी में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरण और सेवा कार्यों के माध्यम से देश को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संघ का कार्य निस्वार्थ सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना से प्रेरित रहा है, जिसने समाज के हर वर्ग को जोड़ने का कार्य किया है। इस अवसर पर दुर्ग के जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्षगण, भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने फिल्म के माध्यम से संघ के गौरवशाली इतिहास और सेवा कार्यों से प्रेरणा प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संघ के सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प लिये।

# होली गुजरते ही पुलिस की सख्ती भी खत्म धमधा में फिर बेखौफ हुए शराब कोचिये

धमधा। त्योहारी पर पुलिस की मुस्तैदी अक्सर सिर्फ दिखावा बनकर क्यों रह जाती है? इसका जीता-जागता उदाहरण इन दिनों धमधा थाना क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। 'होली खत्म, कार्यवाही खत्म' की तर्ज पर क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार एक बार फिर अपने चरम पर पहुंच गया है। जो शराब कोचिये होली से पहले पुलिस के डर से दुबके बैठे थे, वे अब सरेआम अपनी जेबें भरने में लगे हैं।




### त्योहारी सख्ती या महज खानापूर्ति?

होली के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धमधा पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई का डंडा चलाया था। लगातार हो रही धरपकड़ से आम जनता को ऐसा लगा मानो अब क्षेत्र से शराब माफियाओं का पूरी तरह से सफाया हो जाएगा। लेकिन जैसे ही होली का रंग उतरा, पुलिस की सख्ती का रंग भी पूरी तरह से फीका पड़ गया।

### इन गांवों में बना अवैध शराब का बड़ा गढ़

सूत्रों और ग्राउंड रिपोर्ट से मिली पुख्ता जानकारी के अनुसार, होली का खुमार उतरते ही थाना क्षेत्र के ठेलका, रौंदा, दारगांव, पेंड्रावन, देवरी और मोतिमपुर गांवों में अवैध शराब की बिक्री सबसे ज्यादा हो रही है। इन गांवों को शराब कोचियों ने अपना 'सेफ जोन' और मुख्य अड्डा बना लिया है। सुबह से लेकर देर रात तक यहां अवैध शराब की धड़ल्ले से खेप पहुंच रही है और खुलेआम बिक्री हो रही है। कोचिये बेखौफ होकर मनमाने दामों पर शराब बेच रहे हैं और हालात देखकर ऐसा लग रहा है जैसे इन्हें अब खाकी वर्दी का कोई खौफ ही नहीं रह गया है।

# हौंसले को सलाम, दिव्यांगता के बाद भी चला रही घर

लेखराम सोनवानी ▸▸ उतई

किसी ने सही कहा कि एक महिला के अनेक हाथ होते हैं। जिसमें अपनी सारी जिम्मेदारी बखूबी निभाती है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ऐसे ही एक महिला पुष्पा गायकवाड़ की बात जो एक पैर से दिव्यांग है। जो ठीक से चल भी नही पाती पर रोज सुबह उठकर घर के सारे काम निपटाने के बाद बच्चे को स्कूल भेज कर रोजाना ई रिक्शा चलाने निकल पड़ती है। रोजाना 600 से 700 रोजी कमा कर अपने परिवार का पालन पोषण भी करती है। 45 वर्षीय पुष्पा गायकवाड एक पैर से शारीरिक रूप से विकलांग है। जिन्होंने मात्र 5 वर्ष के उम्र में एक छोटी सी दुर्घटना में दाहिने पैर से विकलांग हो गई। उन्होंने अपनी विकलांगता को कमजोरी नहीं बनने दिया। हौसला दिखाते हुए राजनीति शास्त्र में एम ए और कंप्यूटर कोर्स भी किया ।



**आर्थिक तंगी से परेशान होकर चलानी पड़ी ई रिक्शा :** पुष्पा गायकवाड बताती है कि उनके पति तोरण गायकवाड भी शारीरिक रूप से विकलांग है। उन्होंने भी राजनीतिक शास्त्र में एम ए किए और गाड़ाडीह स्थित प्राइवेट स्कूल में टीचर है। लेकिन उसमें इतनी कम सैलरी मिलती है ,कि घर चलाना तो दूर सब्जी लाने तक लिए पैसा नही बचता था।

### शासन से लगाई गुहार नहीं मिली मदद

पुष्पा गायकवाड बताती है कि पति पत्नी शारीरिक रूप से विकलांग है। उनके जुड़वा बच्चे अभी और राज आखों की व्याधियों से ग्रसित हैं। जिनमें एक 95% व दूसरा 90% दिव्यांग है। घर पर कोई कमाने वाला नहीं है इसलिए कांग्रेस शासन काल में पत्र लिखा था। इसके बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कलेक्टर को पत्र लिखकर यथा सभव मदद के लिए कहा था। लेकिन कांग्रेस शासन बदलने के बाद उस पत्र पर कोई सुनवाई नही हुई। इसके बाद उन्होंने महिला समूह से लोन लेकर ई रिक्शा फाइनेंस कराया और उसे जैसे तैसे घर चल रहा है।

## भिलाई जिला भाजपा की कार्यकारिणी में 71 नए सदस्यों को किया शामिल

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी के भिलाई जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने अपनी कार्यकारिणी में 71 विशेष आमंत्रित, स्थाई आमंत्रित और कार्यकारिणी सदस्यों को शामिल किया है। नियुक्तियां भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव की अनुशंसा, संगठन महामंत्री पवन साय के अनुमोदन, संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही और जिला प्रभारी रामजी भारती की सहमति से की गई है। जिला कार्यकारिणी में प्रमुख रूप से प्रवीण पाण्डेय, गुरजीत सिंह सोरी, वसंत प्रधान, रूपराम साहू, विजय शुक्ला सहित 34 से अधिक सक्रिय कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। महिलाओं में मंजूषा साहू, कांति वर्मा और रमा श्रीवास्तव को शामिल किया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्यों में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री उपकार चन्द्राकर, पूर्व महापौर निर्मला यादव, राम आश्रय दुबे, अनिल मिश्रा और पूर्व जिला अध्यक्ष ओपी वर्मा, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह और विभिन्न जनपद पंचायतों के प्रतिनिधियों को जगह दी गई है। इसी प्रकार स्थाई आमंत्रित सदस्यों में राष्ट्री उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय, सांसद विजय बघेल, विधानसभा के पूर्व स्पीकर प्रेमप्रकाश पाण्डेय, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, विधायक रिकेश सेन, पद्मश्री उषा बारले, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू और लाभचंद बाफना सहित अन्य को शामिल किया गया है।

## रानीतराई महाविद्यालय को मिला नया भवन, लोकार्पण



**पाटन।** ग्राम असोगा-रानीतराई की पावन धरती पर स्थित स्व. दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय, रानीतराई के नवीन शैक्षणिक भवन का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि गांवों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती, आवश्यकता केवल अवसर की होती है। इस महाविद्यालय के माध्यम से क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे और वे अपने भविष्य को नई दिशा दे सकेंगे। इस अवसर पर जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिपं. सदस्य कल्पना नारद साहू आदि उपस्थित रहे।

## आईएएस अवार्ड प्राप्त अधिकारियों का किया गया सम्मान

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ द्वारा एलाइड सर्विस से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में अवार्ड प्राप्त अधिकारियों के सम्मान में इंद्रावती भवन में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के राजपत्रित अधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन पदमिनी भोई साहू थे। आईएएस अवार्ड से सम्मानित ऋषभ कुमार पाराशर ने कहा कि शासकीय सेवा से जुड़े हर छोटे कार्य को ईमानदारी एवं लगन से करने पर वही आगे चलकर एक बड़ी उपलब्धि का रूप लेता है।



संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा ने ऋषभ कुमार पाराशर एवं तरुण किरण की ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी। संचालन सचिन शर्मा प्रदेश संगठन मंत्री ने किया। कार्यक्रम में कमल वर्मा, प्रेमलाल साहरा, अविनाश तिवारी, पूषण साहू, दिवाकर सिंह राठौर, रोशन धुरंधर, आर बी तिवारी, किरण नागेश आदि मौजूद थे।

**बिजनेस साइट**

## सेफ्टी ऑफिसर पद पर चार का चयन



**भिलाई।** निजी प्रशिक्षण संस्थान फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट भिलाई से इंडसट्रियल सेफ्टी और फायर फाइटर का प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरांत संस्था के चार छात्रों का चयन सेफ्टी ऑफिसर पद के लिए हुआ है। चयनित छात्रों में विनोद कुमार भिलाई, चंद्रदीप पटेल भिलाई, सुनील कुमार कश्यप कोरबा, अमन कुमार तोमर शामिल हैं। संस्था के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी, निर्देशक मनोज ठाकरे ने बताया कि संस्था में फायर के ट्रेनिंग शत्रुहन लाल धनकर और औद्योगिक सुरक्षा सेफ्टी की ट्रेनिंग तपन कुमार बिश्वास रिटायर भिलाई स्टील प्लांट दे रहे हैं। संस्था में औद्योगिक सुरक्षा सेफ्टी और अग्निशमन का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के बाद संस्था के विद्यार्थियों ने सिस्कोल स्टील इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी लिमिटेड पहुंचे। सीनियर एचआर अतुल सिन्हा और सहयोगी टीम द्वारा सेफ्टी ऑफिसर पद के लिए छात्रों का इंटरव्यू लिया गया। उन्होंने प्रशंसा करते हुए बताया कि संस्था में बहुत ही सुचारू रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



# INTERNATIONAL Women's Day

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
नारी शक्ति ही समाज की असली ताकत है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में सफलता की नई मिसाल कायम कर रही हैं। उनके सपनों और अधिकारों का सम्मान करना हम सबकी जिम्मेदारी है। महिला दिवस हमें समानता और सम्मान का संदेश देता है।

रत्ना नारमदेव
वरिष्ठ समाज सेविका दुर्ग

LAXMI PHYSIOTHERAPY CLINIC
Physio Assessment and Treatment for
- Ortho/ Neauro - Paediatric/ Sports Injury
- Geriatric Rehabilitation (Old Age Degeneration Condition)
- Pre and post operative rehabilitation
Timing : 10:00 am to 2:00 PM
Evening : 4:00 Pm to 9:00 PM
Evening- Tuesday Thursday Saturday
Sunday Closed
Dr. Laxmi Baghel (PT)
Consultant Physiotherapist
Mob. : 9977355669, 7470730257
MIG-2/332, Hudco, Bhilai
SBS HOSPITAL
A/2 Vijay Complex, Camp-2, G.E. Road, Power House Bhilai, Durg


# संघर्ष से सफलता तक नारी शक्ति की प्रेरक यात्रा

नारी शक्ति सदियों से समाज के विकास की आधारशिला रही है। परिवार से लेकर राष्ट्र निर्माण तक महिलाओं का योगदान अमूल्य रहा है। हर वर्ष 8 मार्च को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के संघर्ष, त्याग और उपलब्धियों को सम्मान देने का अवसर प्रदान करता है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि महिलाओं ने सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों के लिए लंबा संघर्ष किया है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं, लेकिन समानता और सम्मान की दिशा में अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।



## नारी : सृजन और शक्ति का प्रतीक

भारतीय संस्कृति में नारी को सृजन और शक्ति का प्रतीक माना गया है। प्राचीन काल से ही महिलाओं को समाज में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। माता, बहन, पत्नी और बेटी के रूप में वह परिवार और समाज को दिशा देती है। नारी केवल भावनाओं का प्रतीक नहीं है, बल्कि वह साहस, धैर्य और संघर्ष की मिसाल भी है। इतिहास में अनेक ऐसी महिलाएं हुई हैं जिन्होंने अपनी प्रतिभा और साहस से समाज को नई दिशा दी।

## बदलते समय में बदलती महिलाओं की भूमिका

समय के साथ महिलाओं की भूमिका भी बदलती गई है। पहले जहां महिलाओं को केवल घर की जिम्मेदारियों तक सीमित माना जाता था, वहीं आज वे समाज के हर क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। आज महिलाएं डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, पुलिस अधिकारी, सेना अधिकारी, उद्यमी और राजनेता के रूप में देश के विकास में योगदान दे रही हैं। उनकी सफलता यह दर्शाती है कि प्रतिभा और क्षमता का कोई लिंग नहीं होता।

## आर्थिक और सामाजिक विकास में महिलाओं का योगदान

किसी भी देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। जब महिलाएं शिक्षा और रोजगार के अवसर प्राप्त करती हैं, तो वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनती हैं और परिवार की आय में योगदान देती हैं। इसके साथ ही महिलाएं समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कारों पर विशेष ध्यान देती हैं, जिससे आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्जवल बनता है।

## महिलाओं के अधिकार और समानता

महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उन्हें समान अवसर प्रदान करना एक लोकतांत्रिक समाज की पहचान है। पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए कई कानून और नीतियां बनाई गई हैं। इन कानूनों का उद्देश्य महिलाओं को हिंसा, भेदभाव और उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करना है। साथ ही कार्यस्थल पर समान वेतन और सम्मान सुनिश्चित करना भी इनका उद्देश्य है।

## समाज की जिम्मेदारी

महिला सशक्तिकरण केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की जिम्मेदारी है। परिवार, स्कूल और समाज को मिलकर ऐसी सोच विकसित करनी होगी, जिसमें महिलाओं को समान अधिकार और सम्मान मिले। बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता देना, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देना समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

## भविष्य की दिशा

आने वाले समय में महिलाओं की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होने वाली है। तकनीक, विज्ञान और उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। यदि महिलाओं को समान अवसर और सहयोग मिलता रहा, तो वे देश के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती हैं। महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के लिए लाभकारी है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल महिलाओं की उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि उनके संघर्ष और अधिकारों की याद दिलाने वाला दिन भी है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम एक ऐसा समाज बनाएं जहां महिलाओं को समान अवसर, सम्मान और सुरक्षा मिले। जब महिलाएं सशक्त होंगी, तभी समाज और राष्ट्र सशक्त होगा। इसलिए महिला दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम नारी सम्मान और समानता के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नारी शक्ति सृजन, संघर्ष और सफलता की मिसाल है। एक महिला परिवार, समाज और राष्ट्र की मजबूत आधारशिला होती है। उनकी हिम्मत और धैर्य से हर कठिनाई आसान बन जाती है। महिला दिवस पर हमें उनके सम्मान और अधिकारों को और मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। नारी सम्मान ही समाज की असली पहचान है।

पद्मश्री डॉ. श्रीमती उषा बारले
अंतरराष्ट्रीय पंथी और पंडवानी गायिका

अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस नारी के साहस, संघर्ष और सफलता का उत्सव है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। शिक्षा, विज्ञान, राजनीति और खेल में उनका योगदान लगातार बढ़ रहा है। समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह दिन हमें नारी के सम्मान और समान अधिकारों का संदेश देता है। आइए, हम सब मिलकर महिला सशक्तिकरण का संकल्प लें।

खुशबू मंडल
डायरेक्टर
सन वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल
कोहका, मंगल मार्केट, पुरानी बस्ती, भिलाई
मो. : 88899-58883, 93401-37392

international Women's day
8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
महिला दिवस नारी के साहस, संघर्ष और सफलता का उत्सव है। हर महिला अपने सपनों को साकार करने की क्षमता रखती है। समाज में समान अधिकार और अवसर मिलना हर महिला का हक है। आज का दिन हमें महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के प्रति जागरूक करता है। नारी की शक्ति ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है।

श्रीमती नीरा खिचरिया
पार्षद, वार्ड क्र.- 59, कातुलबोर्ड, दुर्ग


अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महिलाएं आज हर क्षेत्र में सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। शिक्षा, विज्ञान, राजनीति और खेल में उनका परचम लहरा रहा है। उनकी मेहनत और संघर्ष समाज के लिए प्रेरणा है। महिला दिवस हमें यह याद दिलाता है कि समानता और सम्मान हर महिला का अधिकार है। एक सशक्त महिला ही सशक्त समाज की नींव होती है।

श्रीमती स्वीटी कौशिक
महिला मोर्चा, जिला अध्यक्ष भाजपा भिलाई

international Women's day
8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
महिलाएं त्याग, समर्पण और साहस की अनमोल मिसाल हैं।उनकी शक्ति से ही परिवार और समाज का भविष्य मजबूत होता है।आज की महिला आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनकर आगे बढ़ रही है।महिला दिवस हमें उनके योगदान को याद करने और सम्मान देने की प्रेरणा देता है।नारी सशक्तिकरण से ही समाज का विकास संभव है।

हंसा शुक्ला
प्रिसिंपल
स्वामी स्वरुपानंद महाविद्यालय
Amdi Nagar, Hudco, Bhilai, Mob. : 84358-36474, 94062-98002

8 March अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
महिला दिवस नारी के साहस, संघर्ष और उपलब्धियों को समर्पित है। आज की महिला शिक्षा और आत्मविश्वास से हर मंजिल हासिल कर रही है। समाज की प्रगति में महिलाओं की भागीदारी बेहद जरूरी है। आइए इस दिन नारी सम्मान और समान अधिकार का संकल्प लें।

राधा चतुर्वेदी
प्राचार्या
SHRADDHA MONTESSORI
ENGLISH MEDIUM HIGHER SECONDARY SCHOOL
Zone-2, Sec.-11, Khursipar, Bhilai, Durg (C.G.)

DEV SANSKRITI VIDYALAYA
KHAPRI, DHAMDHA ROAD, DURG (C.G.)

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
8 MARCH
"शिक्षा से ही समाधान मिलता है, और समाधान से सुख मिलता है, प्रत्येक व्यक्ति एक सुखी जीवन जीने के लिए ही हर प्रयत्न करता है..."
JYOTI SHARMA
Director

Mob.: 7987165676, 9329974333, 6266696500, 7974809167
For More information visit our facebook page
https:/www.facebook.com/devsanskritividyalaykhapri/


सुमीत बाजार
Women's Day
Celebration Offer
8th to 12th
MARCH 2026
Happy Womens Day
महिला दिवस का
खास तोहफ़ा
NAUTICA
24" प्रीमियम ट्रैवल सूटकेस
MRP.
₹11,999/-
₹1999/-
NAUTICA
प्रीमियम क्वालिटी ट्रैवल कोम्बो
4 पीस सेट
MRP.
₹9999/-
₹1699/-
GIORDANO
कॉलेज एवं ऑफिस उपयोगी बैगपैक
MRP.
₹2499/-
₹399/-
LAWMAN Pg3
किंग साईज डबल बेडशीट सेट
MRP.
₹1899/-
₹499/-
DREAMLINE essentials
ड्रीमलाईन माइक्रो फाईबर डिशमैट
MRP.
₹159/-
₹9/-
यह ऑफर ₹699 की खरीदी पर है
ऑफर स्टॉक रहने तक
ऑफर में दिखाये गये चित्र मात्र सांकेतिक है
नियम व शर्तें लागू.
सुधीर एक्सरे के सामने, सुपेला भिलाई • गुरूद्वारा रोड, दुर्ग • सुमीत जंक्शन, पुलगांव चौक, दुर्ग